देशबन्धु

वर्ष - 34 । अंक - 213 । भोपाल, बुधवार 2 अगस्त 2023 । पृष्ठ-8 । मूल्य - 3.00 रुपए

अरोरा ने चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं पृष्ठ 2

▪ मजबूरी नहीं, जरूरी है गठबंधन
▪ इंडिया ने मोदी और एनडीए का बहुत कुछ दांव पर चढ़वा दिया पृष्ठ 4

▪ पानी नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते तहसील पहुंचे कई गांवों के किसान- पृष्ठ 6

डॉ. शर्मा की स्वीकारोक्ति, हाँ मैं टिकट की दौड़ में हूं पृष्ठ 7

## लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजे गए मोदी



**पुणे, एजेंसी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बाल गंगाधर तिलक की 103वीं पुण्यतिथि के मौके पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यहां लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

श्री मोदी ने यहां एसपी कालेज में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार की मौजूदगी में यह पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि मुझे लोकमान्य तिलक का पुरस्कार मिला, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना पूरा जीवन बलिदान कर दिया। मैं इसलिए भी खुशकिस्मत हूं कि मुझे यह प्रतिष्ठित पुरस्कार लेने के लिए पुणे की इस पवित्र भूमि पर आने का अवसर मिला।

### समृद्धि एक्सप्रेसवे निर्माण के दौरान हुआ हादसा

# पुल के स्लैब पर गिरी क्रेन, 20 श्रमिकों की मौत

**मुंबई, एजेंसी।** ठाणे जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे के तीसरे चरण के निर्माण दौरान यहां एक भीषण हादसा हो गया। एक क्रेन पुलिस के स्लैब पर आ गिरी जिससे उसकी चपेट में आने से तकरीबन 20 से श्रमिकों की मौत हो गई। वहीं 3 लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं हादसे के घायलों को एक निकटवर्ती अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के अधिकारी के मुताबिक मुंबई से लगभग 80 किलोमीटर दूर शाहपुर तहसील के सरलांबे गांव के पास आज तड़के यह हादसा हुआ, जिसमें 20 लोगों की जान चली गई। बताया गया कि समृद्धि महामार्ग को 'हिंदू हृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे महाराष्ट्र समृद्धि महामार्ग' मुंबई और नागपुर को जोड़ता है, यह लगभग 701 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे है। जो नागपुर, वाशिम, वर्धा, अहमदनगर, बुलढाणा, औरंगाबाद, अमरावती, जालना, नासिक और ठाणे सहित 10 जिलों से होकर गुजरता है। महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम इसके निर्माण का कार्य कर रहा है। नागपुर को शिरड़ी से जोड़ने वाले इसके पहले चरण का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिसंबर 2022 में किया था। पहला चरण के तहत 520 किलोमीटर लंबा मार्ग बनाया गया है। जबकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 26 मई को इगतपुरी तालुका के भारवीर गांव से शिरडी तक समृद्धि महामार्ग के 80 किलोमीटर लंबे दूसरे चरण का उद्घाटन किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा था कि तीसरा और आखिरी चरण इस साल दिसंबर के अंत तक पूरा हो जाएगा।



### 6 माह में 88 की गई जान

एक अधिकारी के मुताबिक महाराष्ट्र में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर पिछले 6 महीने में हुई सड़क दुर्घटनाओं में 88 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से 25 लोगों की मौत पिछले महीने एक निजी बस के डिवाइडर से टकराने के कारण उसमें आग लगने से हुई। वहीं इस घटना के पीछे राज्य राजमार्ग पुलिस के अधिकारी का कहना है 6 लेन वाले इस एक्सप्रेसवे पर दुर्घटनाओं का एक कारण सड़क सम्मोहन (रोड हिप्नोसिस) है।

### गुरुग्राम में भी उत्पात और लूटपाट

# नूंह हिंसा में 5 की जान गई

**नूंह, एजेंसी।** हरियाणा के नूंह में सोमवार को ब्रजमंडल 84 कोस शोभायात्रा पर पथराव और फायरिंग के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। पत्थरबाजी, गोलीबारी और आगजनी में दो होम गार्ड के जवानों की मौत हो गई है।

गुरुग्राम में भी धार्मिक स्थल पर हमला हुआ है, इसमें एक की मौत हो गई है। नूंह हिंसा में डीएसपी समेत 12 पुलिस कर्मचारी घायल हैं। इसके अलावा 20 से अधिक आम लोग घायल हैं। इंटरनेट सेवा को बुधवार तक बंद कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले की सीमाएं भी सील कर दी गई हैं। नूंह की आंच गुरुग्राम तक पहुंच गई। गुरुग्राम के बादशाहपुर सोहना रोड पर हुड़दंग हो गया है। सोहना रोड पर सरेआम उत्पात और लूट मच गई। तोड़फोड़ के साथ दुकान से सामान लूट करते युवा कैमरे में कैद हो गए।

### मुख्यमंत्री ने की शांति की अपील

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा देते हुए नूंह में शांति की अपील की। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि राज्य में हवाई मार्ग से केंद्रीय बलों की तीन कंपनियां भेजी जा रही हैं। नूंह और गुरुग्राम जिलों में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।

### भरतपुर के 4 इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित

**जयपुर, एजेंसी।** पड़ोसी हरियाणा के नूंह जिले में हिंसा के बाद मंगलवार को राजस्थान के भरतपुर जिले के चार इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं। संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने पहाड़ी, कामां, नागर और सीकरी में आज सुबह 6 बजे से अगले 24 घंटे तक इंटरनेट बंद करने के आदेश दिए हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी को किया तलब, कहा-

# मणिपुर में कानून व्यवस्था हो चुकी ध्वस्त



- राज्य में 3 महीने तक एफआईआर ही दर्ज नहीं करने पर हैरानी जताई
- 6 हजार मामलों में हुई चंद गिरफ्तारियां
- अब 7 अगस्त को होगी अगली सुनवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाए जाने के केस में मंगलवार को भी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने पुलिस की जांच को सुस्त बताया। कोर्ट ने कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था बिल्कुल ध्वस्त हो चुकी है। कोर्ट ने हैरानी जताई कि राज्य की जातीय हिंसा में लगभग 3 महीने तक एफआईआर ही दर्ज नहीं की गई। बाद में भी जब 6000 से ज्यादा एफआईआर हुईं तो इनमें चंद गिरफ्तारियां की गईं।

सुप्रीम कोर्ट ने मणिपुर के पुलिस महानिदेशक(डीजीपी)को कोर्ट में हाजिर होकर इन सभी सवालों का जवाब देने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच मामले की सुनवाई कर रही है। पिटीशन में पीड़ित महिलाओं की पहचान जाहिर नहीं की गई है। उन्हें एक्स और वाई नाम से संबोधित किया गया है। अब मामले की अगली सुनवाई 7 अगस्त को दोपहर 2 बजे होगी। कुकी महिलाओं से रेप और ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

### 250 लोग किए गए हैं गिरफ्तार

सुनवाई के दौरान मणिपुर सरकार की तरफ से बताया गया कि कुल 250 लोग गिरफ्तार किए गए हैं. साथ ही हिंसा के दौरान लगभग 1,200 लोगों को हिरासत में लिया गया। हालांकि, जज इन आंकड़ों से प्रभावित नजर नहीं आए. सुनवाई के अंत में चीफ जस्टिस ने कहा कि कोर्ट को यह भी बताया जाए कि कितने शवों की पहचान हुई है और मरने वालों के नाम क्या हैं? उन्होंने कहा कि हम जो कमेटी बनाएंगे वह मुआवजे पर भी सुझाव देगी।

### सीबीआई के बयान लेने पर रोक लगाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार सुबह केंद्र को आदेश दिया कि सुनवाई पूरी होने तक सीबीआई वायरल वीडियो केस की पीड़िताओं के बयान न ले। सोमवार को सुनवाई के दौरान एक याचिकाकर्ता ने सुझाव दिया था कि हाई पावर कमेटी मामले की जांच करे, जिसमें महिलाएं भी हों।

### मुख्यमंत्री ने 70 हजार हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश, कहा-

# सबका होगा अपना मकान, कोई आवासहीन और भूमिहीन नहीं रहेगा



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश के हर नागरिक के पास अपना पक्का मकान होगा, कोई आवासहीन और भूमिहीन नहीं रहेगा, यह भरोसा आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दिलाया। श्री चौहान आज रवीन्द्र भवन, भोपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में एक लाख से अधिक हितग्राहियों को हितलाभ वितरित कर रहे थे। श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में शहरों के साथ ही ग्रामों में भी बहुमंजिला इमारतें बनाकर आवासहीनों को आवास सुविधा प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भू-माफियाओं से लगभग 23 हजार एकड़ भूमि छुड़वाई गई है, जिन पर गरीबों के पक्के मकान बनाए जाएंगे। प्रदेश में स्वीकृत 9 लाख 54 हजार स्वीकृत आवासों में से 6 लाख 81 हजार आवास निर्मित किए जा चुके हैं।

### 3 सौ करोड़ की राशि अंतरित की

इस दौरान श्री चौहान ने आवास योजना के 30 हजार हितग्राहियों को 3 सौ करोड़ की राशि सिंगल क्लिक से हितग्राहियों के खाते में अंतरित की। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में 70 हज़ार हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाया और हितग्राहियों से संवाद भी किया। साथ ही उन्होंने कोकता ट्रांसपोर्ट नगर भोपाल के 5 हितग्राहियों श्रीमती माया श्रीवास्तव, श्रीमती लक्ष्मी राठौर, सतीश कुमार धाकड़े, श्रीमती सोनम रैकवार और शुभम मांझी को स्थाई आवास आवंटन प्रमाण-पत्र वितरित किए। श्री चौहान ने कहा कि भोपाल के निवासी चाहें तो देश में स्वच्छता में प्रथम आ सकते हैं। अच्छे कार्यों के लिए ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

### प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय बढ़ी : सिंह

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के चौथे चरण में 332 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। प्रदेश में किए जा रहे विकास कार्यों के कारण आज प्रति व्यक्ति आय 1 लाख 40 हजार रुपए से अधिक है। प्रदेश में सवा करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं। यह सब विकास कार्यों और गरीब कल्याण योजनाओं का परिणाम है। वहीं नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री ओ.पी.एस. भदौरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रतिदिन प्रदेश के विकास और गरीबों के कल्याण के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे हैं।

### राहुल का सत्तारूढ़ दल पर बड़ा आरोप

# भाजपा ने देश में नफरत का केरोसिन फैलाया

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए विपक्ष अब तेजी से लामबंद हो रहा है। इसके चलते सत्तारूढ़ दल पर विपक्ष के हमले भी तेज होते जा रहे हैं। मंगलवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा पर बड़ा आरोप लगते हुए कहाकि सतारूढ़ दल ने देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। हाल के दिनों में हुई कुछ हिंसक घटनाओ को लेकर गांधी ने कहा कि भाजपा, मीडिया और उसके साथ खड़ी कुछ ताकतों ने पूरे देश में नफरत का केरोसिन फैला दिया है। साथ ही देश के मौजूदा हालात का समाधान भी उन्होंने बताया और कहा कि सिर्फ मोहब्बत ही देश में लगी इस आग को बुझा सकती है।

राहुल गांधी की यह प्रतिक्रिया हाल की कुछ घटनाओं महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई हिसंक घटना और हरियाण के नूह में शोभा यात्रा के दौरान हुई हिंसा के बाद आई है। महाराष्ट्र के पालघर में जयपुर- मुंबई एक्सप्रेस ट्रेन में आरपीएफ के एक सिपाही ने परस्पर बहस के दौरान अपने वरिष्ठ सहयोगी सहायक उपपुलिस निरीक्षक पर अंधाधुंध फायरिंग झोंक दी थी और उस घटना में तीन यात्रियों सहित कुल चार लोगों की जान चली गई। वहीं हरियाणा के नूह में शोभायात्रा निकाले जाने के दौरान झड़प हुई। जिसमें अराजक तत्वों ने कई गाड़ियों में तोड़-फोड़ और आगजनी की।

### राहुल गांधी ने सब्जी विक्रेताओं से की बातचीत



सब्जियों की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार सुबह एशिया के सबसे बड़े सब्जी थोक बाजारों में से एक आजादपुर मंडी गए। वह सुबह करीब चार बजे उत्तरी दिल्ली की आजादपुर मंडी पहुंचे और सब्जी विक्रेताओं से बातचीत की। उनका आजादपुर मंडी का दौरा सब्जियों की बढ़ती कीमतों के बीच हुआ। सब्जियों की कई किस्में 100 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक कीमत पर बिक रही हैं। राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में टमाटर 200 रुपए प्रति किलो से भी ज्यादा कीमत पर बिक रहा है।

### कांग्रेस का आदिवासी दाव

# भूरिया को सौंपी चुनाव अभियान समिति की कमान, कमलनाथ चुनाव समिति के अध्यक्ष होंगे





**भोपाल, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने 2 समितियों का गठन किया है। प्रदेश में आदिवासी मतदाताओं की खासी संख्या को देखते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पूर्व केन्द्रीय मंत्री व मौजूदा विधायक कांतिलाल भूरिया को पार्टी ने चुनाव अभियान समिति की कमान सौंपी है। श्री भूरिया को इस समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ चुनाव समिति के अध्यक्ष होंगे।


भूरिया को चुनाव अभियान समिति की कमान सौंपकर आदिवासी दाव चला है, क्योंकि प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा में 47 विधानसभा सीटें आदिवासियों के लिए सुरक्षित हैं। 30 अन्य सीटों पर आदिवासी मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में आदिवासी मतदाताओं का साथ कांग्रेस को मिला था और सुरक्षित सीटों में से 30 सीटें कांग्रेस ने जीती थीं। चुनाव अभियान समिति की कमान आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया को सौंपने के साथ ही अन्य आदिवासी नेताओं और पूर्व मंत्री व विधायक बाला बच्चन, ओमकार सिंह मरकाम और सुरेंद्र सिंह बघेल को सदस्य बनाया है। ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

**चुनाव अभियान समिति :** चुनाव अभियान समिति में अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया के अतिरिक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह, दिग्विजय सिंह, सुरेश पचौरी, अरुण यादव, अजय सिंह राहुल, विवेक तन्खा, राजमणि पटेल, नकुल नाथ, सज्जन सिंह वर्मा, एनपी प्रजापति, केपी सिंह, लक्ष्मण सिंह, बाला बच्चन, तरुण भनोत, ओमकार मरकाम, विजयलक्ष्मी साधौ, राजेंद्र सिंह, हिना कांवरे, लाखन सिंह यादव, सुखदेव पांसे, जीतू पटवारी, कमलेश्वर पटेल, सुरेंद्र सिंह बघेल हनी, रामनिवास रावत, सुरेंद्र चौधरी, आरिफ मसूद, महेंद्र जोशी, शोभा ओझा, अशोक सिंह, राजीव सिंह, महिला, युवा, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष और अनुसूचित जाति-जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष।

**चुनाव समिति :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ चुनाव समिति के अध्यक्ष होंगे। समिति में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष डा. गोविंद सिंह, सुरेश पचौरी, कांतिलाल भूरिया, अरुण यादव, अजय सिंह, विवेक तन्खा, राजमणि पटेल, नकुल नाथ, सज्जन सिंह वर्मा, विजयलक्ष्मी साधौ, तरुण भनोत, ओमकार मरकाम, सुखदेव पांसे, बाला बच्चन, जीतू पटवारी, कमलेश्वर पटेल, आरिफ मसूद सहित महिला, युवा, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन, सेवादल के प्रदेश अध्यक्ष के अध्यक्ष शामिल किए गए हैं।

### गृहमंत्री शाह ने कहा, विरोध का कोई आधार नहीं

# दिल्ली अध्यादेश बिल लोकसभा में पेश





**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली में अधिकारियों के तबादले और पदस्थापना पर नियंत्रण से जुड़ा विधेयक मंगलवार को लोकसभा में पेश किया गया। इस पर सदन में विपक्षी नेताओं ने हंगामा किया और शेम-शेम के नारे लगाए।

कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी बोले- ये बिल संविधान का उल्लंघन है, सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की कोशिश है। अमित शाह ने कहा कि संविधान, संसद को दिल्ली के लिए कानून बनाने की अनुमति देता है। बिल के खिलाफ जो बयान दिए जा रहे हैं, वो सिर्फ राजनीतिक हैं, उनका कोई आधार नहीं है। इस बिल का नाम गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (अमेंडमेंट) बिल 2023 है। इसे गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने सदन में पेश किया।



- अधीर रंजन ने इसे संविधान का उल्लंघन बताया
- सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदलने की है कोशिश

### बीजेडी-वाईएसआरसीपी का मिला समर्थन

बीजेडी ने दिल्ली सर्विस बिल पर सरकार का समर्थन करने की बात कही है। राज्यसभा में पार्टी के नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि पार्टी इस बिल पर सरकार के साथ है। वाईएसआरसीपी ने भी इस बिल पर सरकार को समर्थन की बात कही है।

### विधेयक के पक्ष में क्या है आंकड़ा

लोकसभा में अकेले भाजपा बहुमत में है। 543 सदस्यीय सदन में उसके अकेले 301 सदस्य हैं। और एनडीए सहित आंकड़ा 333 है। लेकिन राज्यसभा में एनडीए अल्पमत में है। वहां भाजपा के 93 सदस्यों को जोड़कर एनडीए के सदस्यों की संख्या 105 ही है। पांच मनोनीत और दो निर्दल सांसदों को भी जोड़ दिया जाय तो यह संख्या 112 हो जाएगी। बावजूद यह आंकड़ा बहुमत से आठ कम है।

239 सदस्यीय सदन में बहुमत के लिए कुल 120 सासदों की जरूरत होगी। लेकिन बीजद और वाईएसआर कांग्रेस के नौ-नौ सदस्यों के समर्थन के चलते यह आंकड़ा 130 हो जाएगा और विधेयक को लेकर सरकार की राह आसान हो जाएगी।

### अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा 8 से 10 अगस्त तक होगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी इंडिया गठबंधन द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव चर्चा की तारीख तय हो गई है। सूत्रों के मुताबिक, प्रस्ताव पर 8 से 10 अगस्त तक सदन में चर्चा चलेगी। 10 अगस्त को पीएम मोदी अविश्वास प्रस्ताव पर जवाब देंगे। इंडिया गठबंधन की ओर से सदन के नियम 198 के तहत मणिपुर मुद्दे पर अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने स्वीकार कर लिया था। बता दें कि 26 जुलाई को कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने लोकसभा सचिवालय में अविश्वास प्रस्ताव लाने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को संबोधित करते हुए एक नोटिस दिया था जिसे मंजूर कर लिया गया।

### मोदी को मणिपुर पर बोलने की फुर्सत नहीं



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के विभिन्न हिस्सों में चुनावी प्रचार कर रहे हैं और विपक्षी दल उनसे संसद में बयान देने की मांग कर रहे हैं लेकिन इस मुद्दे पर उन्हें बोलने की फुर्सत नहीं है। श्री खड़गे ने मंगलवार को यहां संसद भवन के नजदीक विजय चौक में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार विपक्ष को बोलने नहीं दे रही है और भ्रम फैलाने की पूरी कोशिश की जा रही है कि विपक्ष मणिपुर हिंसा पर चर्चा ▪ शेष पृष्ठ 2 पर

## सार समाचार

### पुरानी रंजिश पर मारपीट, मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** जिले के फतेहगढ़ थानांतर्गत युवकों के साथ ठेकेदारों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने युवकों की शिकायत पर ठेकेदारों पर मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी दिलीप पुत्र राजू प्रजापति निवासी किले के पास फतेहगढ़ ने अपने साथ अमित सहरिया के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम वह अपनी होटल पर थे। तभी ठेकेदार कालोनी फतेहगढ़ के निवासी अशफाख अली एवं शादाब अली आए बेवजह धौंस जमाते हुए गाली गलौंच कर मारपीट करने लगे। इस दौरान शादाब ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। फिर वे लोग वहां से भाग गए। फरियादियों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

इधर बजरंगगढ़ थानांतर्गत ग्राम भिलेरा में एक व्यक्ति के साथ गांव के ही शराबी ने गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। फरियादी महेन्द्र पुत्र खेरा सहरिया ने बताया कि वह मजदूरी का काम करता है। गत दिवस गांव का पहलवान सहरिया शराब पीकर भवंरलाल सहरिया के घर के सामने खड़ा होकर बिना किसी बात के गाली गलौंच कर रहा था। जब फरियादी ने उसे गाली गलौंच के लिए मना किया तो पहलवान ने फाडे से हमला कर दिया। जिसमें उसके सिर पर चोट आई है।

ज्ञापन देते समय हुई झड़प, गुस्साएं कृषि विस्तार अधिकारी, बोले

# संविदा कर्मचारियों को आर्थिक लाभ दो, लेकिन नियमित मत करो

**गुना, देशबन्धु।** चुनावी वर्ष में अपनी मांगों को लेकर विभिन्न कर्मचारी संगठन अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। लेकिन कृषि विभाग के मप्र ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ को अपनी मांगों से ज्यादा परेशानी संविदा कर्मचारियों को नियमित करने से हैं। शासन के उक्त आदेश के खिलाफ मंगलवार को कृषि विस्तार अधिकारी सडक़ों पर उतर आएं। उन्होंने इसका विरोध करते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि अपने पूरे सेवाकाल के दौरान एक भी पदोन्नति कृषि विस्तार अधिकारियों को नहीं मिली है। जिससे हजारों मैदानी अमले का मनोबल तोडक़र हताशा में बदल चुका है।



ज्ञापन में कहा गया कि संविदा कर्मचारियों में से कार्यरत आत्मा एवं एनएफएससम के तकनीकी कर्मियों को एटीएम, बीटीम को हाल ही में ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी एवं एसएडीओ की सीधी भर्ती में 20-20 अतिरिक्त अंकों का अनुग्रह देकर विभाग की नियमित सेवा में आने का अवसर दिया जा चुका है। यदि वे इस अवसर का लाभ लेकर भी योग्यता प्रमाणित नहीं कर सके हैं तो इसका नुकसान कार्यरत आरएईओ तक कर्मचारी क्यों उठाएं? ज्ञापन में मांग की गई कि वर्तमान में विभाग के पास 30 वर्ष से अधिक का सेवाकाल पूरा कर चुके तकनीकी एवं कार्यालयीन कार्यों में अनुभव आरएईओ, एडीओ एवं एसएडीओ उपलब्ध हैं। जिन्हें उच्च पदों का प्रभार देकर विभाग किसानों के हित में एवं कृषि को उन्नत बनाने में कर सकता है। ज्ञापन में कर्मचारियों ने संविदा पद से नियमित किए जा रहे कर्मचारियों को नियमित तकनीकी कर्मचारियों के समकक्ष पद, वेतनमान एवं कार्यकारी अधिकार न दिए जाएं। मैदानी अमले में असंतोष न फैले, इसके लिए उन्हें आर्थिक लाभ दिया जाएं। इस दौरान उनकी संविदा कर्मचारियों से भी बहस हुई।

## चोरों की चुनौती, पुलिस के स्टोर रूम से ही बैटरियां चुरा ले गए चोर

**कैंट थाने में दर्ज करवाई शिकायत**

**गुना, देशबन्धु।** शहरभर में चोरों के हौंसले बुलंद है। आम लोगों की तो छोड़ों चोरों ने पुलिस के दफ्तर में ही सेंधमारी कर पुलिस को चुनौती दे डाली। पुलिस के रेडियो स्टोर में चोरों ने गत दिवस सेंधमारी कर आधा दर्जन से अधिक बैटरियों ले उड़े। प्राप्त जानकारी के अनुसार रेडियो स्टोर प्रभारी प्रधान आरक्षक रेडियो शेख शोएब उद्दीन ने कैंट थाने में शिकायत दर्ज कराई कि गत शाम को वह स्टोर शाखा में बैटरी चार्जिंग का कार्य पूर्ण कर शाम करीवन 7 बजे ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। अगले दिन उनके साथी आरक्षक विशाल रघुवंशी का फोन आया कि पुराने स्टोर रुम का ताला टूटा पडा है और एक बैटरी कमरे के बाहर पड़ी है। जब वह स्टोर रुम पहुंचे तो स्टोर रुम के कमरे में रखी चालीस नई बैटरियों में से सात बैटरियां नहीं मिली। पुलिस के अनुसार अज्ञात चोर गत दरम्यानी रात्रि को बैटरी चोरी करके ले गए।

वहीं सिटी कोतवाली थानांतर्गत सर्राफा बाजार में घर के बाहर खड़ी स्कूटी को अज्ञात चोर ले गए। फरियादिया सीमा पत्नी सुरेश जैन ने बताया कि विगत दिनों रात्रि में 8 बजे वह अपनी स्कूटी एमपी08एमजे9481 को घर के बाहर रख दी थी और मैं अंदर जाकर सो गई थी। सुबह करीबन 9 बजे स्कूटी देखी तो मुझे मेरी स्कूटी वहां नहीं मिली। स्कूटी को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। उधर राघौगढ़ थानांतर्गत एबी रोड पर संचालित कॉरियर सर्विस के ऑफिस से अज्ञात चोर नगदी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी इंदरसिंह लोधा पिता उधमसिंह लोधा निवासी सौरामपुरा ने शिकायत दर्ज कराई कि वह ईकम एक्सप्रेस कॉरियर में सुपर एफई कॉरियर बॉय का कार्य करता है। गत शाम उसने कॉरियर ऑफिस में करीब 47539 रुपए कलेक्शन के रखकर ऑफिस का ताला लगाकर अपने घर चला गया था। सुबह लोड लेने के लिए लाल सिंह लोधा ने फोन कर बताया कि दुकान का शटर उठा हुआ है। जब उन्होंने दुकान पर पहुंचकर शटर उठाया हुआ तो अलमारी में रखा कैश नहीं था। इसके अलावा पास में संचालित एक अन्य ऑफिस के भी ताले चोरों ने चटकाएं और उसमें रखा नगदी 37284 रुपए ले भागे। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## ट्राइसाईकिल के लिए परेशान दिव्यांग महिला, कलेक्टर ने दिया आश्वासन



**गुना, देशबन्धु।** ट्राइसायकिल और बैंक से लोन की मांग को लेकर मंगलवार को जनसुनवाइ में एक दिव्यांग विधवा महिला का गुस्सा नवागत कलेक्टर के समक्ष फूट पड़ा। दरअसल महिला बैंक से रोजगार के लिए लोन एवं ट्राईसायकिल की मांग को लेकर महीनों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रही है। लेकिन कभी आश्वासन तो कभी दुत्कार के उसे भगा दिया जाता है। मंगलवार को जब महिला जानकीबाई अपनी फरियाद लेकर नए कलेक्टर के समक्ष जनसुनवाई में कक्ष में घिसटते हुए जा रही थी, तभी सुरक्षाकर्मी ने उन्हें व्हीलचेयर पर जाने को कहा। लेकिन महिला ने मना कर दिया।

इसी बात को लेकर जनसुनवाई कक्ष के गेट पर हंगामा होने लगा। मौके पर तहसीलदार गौरीशंकर बैरवा, प्रभारी पीआरओ बीएस मीना सहित अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और महिला को किसी तरह व्हीलचेयर पर जाने के लिए राजी किया। यहां उसने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि वह दिव्यांग विधवा महिला है और पुरानी छावनी में रहती है।

वह लंबे समय से ट्राइसायकिल और बैंक लोन के लिए परेशान हो रही है। उसकी छोटी सी दुकान है। जिसे चलाने के लिए उसने लोन का आवेदन दिया था। लेकिन बैंक वाले उसे पिछले छह महीने से चक्कर कटवा रहे हैं। उसे लोन नहीं दे रहे हैं। इस दौरान कलेक्टर तरुण राठी ने एक-दो दिन में कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन पहली प्राथमिकता : कलेक्टर



**गुना, देशबन्धु।** जिले के नवागत कलेक्टर तरूण राठी ने सोमवार शाम को पदभार ग्रहण किया। मंगलवार सुबह कलेक्ट्रेट कार्यलय के सभागार में श्री राठी मीडिया से मुखतिब हुए। उन्होने कहा कि शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन उनकी पहली प्राथमिकता होगी। वहीं उन्होने बताया कि वे 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं।

इससे पहले वे पिपरिया, राजगढ़, बालाघांट, दमोह और शिवपुरी में कार्यरत रह चुके हैं। तरूण राठी मूलरूप से यूपी के बुलंद शहर के रहने वाले है। इस मौके पर जिलेभर के संवाददाताओं ने नवागत कलेक्टर को जिले की तमाम समस्याओं से भी अवगत कराया। इस पर श्री राठी ने कहा कि बेहतर क्रियान्वयन के साथ सभी के सहयोग से जिले के विकास के लिए काम किए जाएंगे। शहर की ट्राफिक, मवेशी, खुदी पड़ी सड़के अतिक्रमण सहित कई समस्याएं जिलाधीश के समक्ष उठाई गई। इस पर उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे सभी समस्याओं के समाधान के लिए काम किए जाएंगे।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** जिले की बमोरी पुलिस द्वारा गश्त के दौरान ग्राम मंढीखेड़ा में अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से पुलिस ने चार लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति ग्राम ग्वारखेडा में मछरया तिराहा रोड के पास हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब प्लास्टिक की केन में लेकर बेचने के उद्देश्य से खड़ा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी तो पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा। जिस पुलिस ने घेराबंदी कर धरदबोचा। जिसने अपना नाम ब्रजराज पुत्र कुन्जलाल लोधी निवासी ग्वारखेडा का होना बताया। पुलिस आरोपी के पास से अवैध शराब जप्त कर धारा 34 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया।

### देहरी डांग की सहरिया बस्ती में नहीं है लाईट व पानी की व्यवस्था

**गुना, देशबन्धु।** जिले के ग्राम देहरी डांग निवासी सहरिया आदिवासी बस्ती के रहवासी लाईट, पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। बस्ती में न तो लाईट आती है और न ही पेयजल की समुचित व्यवस्था है। बस्ती की अमरीबाई सहरिया, कपूरीबाई सहरिया, लक्ष्मी सहरिया, कमलेश बाई सहरिया, सुशीलाबाई, रामप्यारी सहरिया आदि ने बताया कि उनके घरों में बिजली नहीं है। वहीं बस्ती में पेयजल की व्यवस्था नहीं है। एक हैंडपंप यादवों की बस्ती में लगा है। लेकिन वहां तक जाने का रास्ता नहीं है। जो रास्ता है वह काफी दूर है। आवेदन में महिलाओं ने बताया कि उन्हें राशन, केरोसिन आदि भी नहीं मिलता है। आवेदन में बस्तीवासियों ने बस्ती में लाईट एवं पानी की व्यवस्था कराने की मांग की है।



## प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों को कराया गृह प्रवेश



**आष्टा, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा भोपाल के रवींद्र भवन से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 2695 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 70 हजार आवासों का गृह प्रवेश कराया। इस दौरान स्थानीय स्तर पर भी नगरपालिका द्वारा विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, पार्षदगण रविवार शर्मा, तारा कटारिया की मौजूदगी मे प्रधानमन्त्री आवास योजना के हितग्राहियों के नवीन गृह पहुंचकर गृह प्रवेश कराया गया। यह कार्यक्रम नगरपालिका के सभा कक्ष मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसे सीधे प्रसारण के माध्यम से बड़ी संख्या मे उपस्थित हितग्राहियों को दिखाया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि अपने घर के सपने को पूरा करने के लिए श्प्रधानमंत्री आवास योजना वरदान है।

इस अवसर पर प्रभारी सीएमओ अनिल धुर्वे, मनीष श्रीवास्तव, गबू सोनी, कपिल पटले, मोहम्मद इसरार, आकाश चौहान आदि मौजूद थे।

### शनमुखा एग्रीटेक ने किया किसान संगोष्ठी का आयोजन

**गुना, देशबन्धु।** शनमुखा एग्रीटेक लिमिटेड कंपनी द्वारा राघौगढ़ में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 किसान मित्र शामिल हुए। कंपनी के अधिकृत विक्रेता टेकरी सरकार ट्रेडर्स कृषक सेवा केंद्र के प्रोपराइटर मोहन पारीक एवं अरविन्द सैनी द्वारा कंपनी अधिकारियों का स्वागत किया गया। आयोजन में कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर शैलेन्द्र सिंह राजपूत द्वारा किसानों को सब्जी फसलों में जमीन से होने वाले रोगों के निवारण के लिए कंपनी उत्पादों की जानकारी दी गई। कंपनी के जोनल मार्केटिंग मैनेजर सुरेंद्र शर्मा द्वारा किसानों को फसल में लगने वाले कीटो और बीमारियों से बचाव के बारे में जानकारी दी गई।

## पसमंदा मुस्लिम महासंघ ने थाना प्रभारी का किया सम्मान



**सीहोर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय पसमंदा मुस्लिम महासंघ और राष्ट्रीय मानव अधिकार मंच के प्रदेशाध्यक्ष नौशाद खान के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को कोतवाली थाना पहुंचकर कोतवाली थाना प्रभारी नलिन बुधोलिया का स्मृति चिन्ह भेंटकर और साफा बांधकर सम्मान किया। श्री बुधोलिया का सीहोर से उज्जैन स्थानांतरित हो गया है। श्री खान ने बुधोलिया की सौहार्दपूर्ण और अपराधियों में खौफ की कार्यशैली सहित सभी समुदाय के लोगों में आपसी भाईचारा बनाए रखने के कार्य सीहोर में हमेशा याद किए जाएंगे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी सेवा यादव, नईम नबाव, शरीफ खान, आफताफ अली, हुसैन अली, रितेश चंदेल, शिव सिंह, रवि सिंह, रेहान नबाव, साहिल मियां, ईमरान मियां, मुखत्यार खां, पीके वर्मा, विजय सिंह, तययू, मुंशीलाल, शिवदास बैरागी बिंदू दास, करण सिंह पेरवाल आदि

## स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक बैठाए थे विद्यार्थी, पुलिस ने किया जुर्माना



**आष्टा, देशबन्धु।** यातायात पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए स्कूली वाहनों की चौकिंग की गई। जिसमें पात्रता से अधिक बच्चों को बैठाने पर 5 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 15100 रुपए समन शुल्क जमा किया गया।

शहर के मुख्य मार्ग कालोनी चौराहे पर अव्यवस्थित खड़े 5 वाहनों पर चालानी कार्यवाही कर 25 सौ रुपए समन शुल्क जमा करवाया। इस प्रकार यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कुल 19 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर 19 हजार 4 सौ रुपए समन शुल्क जमा करवाया। मुख्य मार्ग पर संचलित बैंक,वित्तीय संस्थानों को हिदायत दी गई कि निर्धारित पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाकर वाहनों को निर्धारित पार्किंग में वाहन खड़े करवाए। इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं कार्यपालक दंडाधिकारी को भी पत्राचार किया गया। उपस्थित वाहन चालकों और आम नागरिकों से यातायात नियमों के पालन करने की अपील की गई। चैकिंग जागरुकता अभियान में सूबेदार अनिरुद्ध मीना, प्रधान आरक्षक ,जितेंद्र सोनी, राकेश राय ,सैनिक बने सिंह और सरदार सिंह स्टॉफ मौजूद रहे।

यातायात प्रभारी अनिरूद्ध मीना द्वारा लगातार स्कूली बसो की जांच की जा रही है।

**पालकों को भी होना पड़ेगा जागरुक**

पुलिस तो अपनी कार्यवाही कर ही रही है, पालकों को भी जागरुक होना पड़ेगा। जो वाहन बच्चों को लेने आता है, उसके चालक से लाइसेंस बीमा गाड़ी के कागज आदि देखना चाहिए। वहीं यह भी समय-समय पर चेक करना चाहिए कि बच्चे स्कूल में जिस वाहन से जाते हैं। उन्हें असुविधा तो नहीं होती क्योंकि वाहन चालक क्षमता से दोगुना बच्चों को ठूंस-ठूंसकर बैठाते हैं। वहीं खड़ा भी रखते हैं। समय रहते इस ओर पालकों को गंभीरता से इस ओर ध्यान देना होगा।

जिसमे हैरत करने वाली कमिया सामने आ रही है। जिस गाड़ी मे 8 बच्चे बैठना चाहिए, उसमें 18 बच्चे पाए गए। और तो और स्कूली वाहन चालको के पास आधे अधूरे कागज थे। किसी के पास बीमा नही था तो किसी वाहन चालक के पास लाइसेंस नही था। वर्दी किसी के पास नही थी। श्री मीना का कहना है कि लगातार स्कूली वाहन पर कार्यवाही होगी जब तक कि वो नियमों का पालन नहीं करते हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**मणिपुर में कानून व्यवस्था....** हत्या के मामले में याचिकाकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने कहा कि यह रिपोर्ट कानून के खिलाफ है। इसमें पीड़ित महिलाओं के नाम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को तुरंत निर्देश दिया कि इस रिपोर्ट को किसी से शेयर मत करना। मीडिया को मत देना। नहीं तो पीड़ितोंके नाम सामने आ जाएंगे। कोर्ट बोला कि हम अपनी कॉपी में करेक्शन कर लेंगे। इस पर केंद्र ने कहा कि हमने इसे किसी से शेयर नहीं किया। हमारे पास हमारी कॉपी है और एक कॉपी सिर्फ बेंच के सामने रखी गई है।

शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार से मुर्दाघर में रखे शवों की पहचान स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी मांगी। पीठ ने यह भी कहा कि वह जाना चाहती है कि हिंसा प्रभावित इलाकों में कितने स्कूल हैं। उनमें कितने छात्र हैं। वहां क्या हालात पढ़ाई के लिए अनुकूल हैं। अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने कहा, स्थिति बेहद परेशान करने वाली है। हम ऐसी नाजुक स्थिति में है कि थोड़ा सा धैर्य स्थिति को सुधारने में मदद करेगा। अदालत ने दो महिलाओं को नग्न घुमाने और यौन उत्पीड़न के वायरल वीडियो से संबंधित मामले में उन पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के बारे में सरकार से सवाल किया, जिन्होंने कथित तौर पर जीवित बची महिलाओं को भीड़ के हवाले कर दिया था। मणिपुर सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से संबंधित 11 प्राथमिकियों को सीबीआई को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया है।

**सबका होगा अपना मकान....** प्रतिस्पर्धा होना ही चाहिए। श्री चौहान द्वारा स्वच्छता के लिए मार्केट और रहवासी संघ पुरस्कृत किए गए। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में विशेष अभियान के अंतर्गत 7 जून से 30 जून तक सर्वोत्तम प्रदर्शन वाले निकायों में नगर निगम श्रेणी में देवास, नगर पालिका श्रेणी में बड़वानी और गोहद एवं नगर परिषद श्रेणी में बदरवास, कुक्षी और उन्हेल को पुरस्कृत किया गया। जीएस सलूजा, जे के जैन, श्रीमती नेहा पटेल, सोनल शर्मा, मुनीस अहमद अंसारी और इंदर लीलानी आदि अधिकारियों ने यह पुरस्कार हासिल किया।

इस दौरान चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, महापौर श्रीमती मालती राय, अन्य जन-प्रतिनिधि मौजूद थे। अनेक जन-प्रतिनिधि कार्यक्रम से वर्चुअली भी जुड़े।

**भूरिया को सौंपी चुनाव अभियान....** चुनाव अभियान और चुनाव समिति के माध्यम से कांग्रेस ने क्षेत्रीय संतुलन साधा है। भोपाल अंचल से पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी और विधायक आरिफ मसूद दोनों समितियों के सदस्य बनाए गए हैं। जबकि चुनाव समिति में विंध्य क्षेत्र से पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह, राजमणि पटेल, राजेंद्र सिंह, कमलेश्वर पटेल को दोनों समितियों में जगह मिली है। वहीं महाकौशल से विवेक तन्खा, तरुण भनोत, हिना कांवरे, नकुल नाथ, एनपी प्रजापति, ओमकार सिंह मरकाम और सुखदेव पांसे बतौर सदस्य समिति में शामिल किए गए है। हालांकि बुंदेलखण्ड से केवल सुरेंद्र चौधरी को अभियान समिति में जगह मिल पाई है। समिति में मालवा-निमाड़ का दबदबा रहा, यहां से अरुण यादव, बाला बच्चन, विजयलक्ष्मी साधौ, जीतू पटवारी, शोभा ओझा सहित अन्य को रखा गया है। इधर ग्वालियर-चंबल का भी खास ध्यान रखा गया है। डा.गोविंद सिंह, अशोक सिंह, रामनिवास रावत, लाखन सिंह यादव, केपी सिंह, लक्ष्मण सिंह को यहां से समितियों में जगह मिली है।

**मोदी को मणिपुर पर बोलने....** के लिए तैयार नहीं है जबकि विपक्षी दल इस मुद्दे पर 11 दिन से चर्चा कराने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई उदाहरण हैं जब प्रधानमंत्रियों ने ऐसी चर्चाओं का जवाब दिया है। उन्होंने 17 अगस्त 2012 का उदाहरण दिया और कहा कि पूर्वोत्तर के प्रवासियों पर जब हमले हुए थे तो विपक्ष ने इस बारे में सवाल उठाए तो सरकार ने प्रश्नकाल स्थगित किया और इस मुद्दे पर चर्चा कराके तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने चर्चा संसद में चर्चा का जवाब दिया था।

## अरोरा ने चौपाल लगाकर सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं



**सीहोर, देशबन्धु।** भाजपा नेता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जसपाल सिंह अरोरा ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण करके लोगों से मेल-मुलाकात करके उनकी परेशानियां सुन रहे हैं एवं उनकी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन भी दे रहे हैं। श्री अरोरा ने गत दिवस सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पत्लोना सहित कई अन्य गांवों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने भाजपा नेता जसपाल सिंह अरोरा का साफा बांधकर सम्मान भी किया। इस मौके पर श्री अरोरा ने चौपाल लगाई और लोगों की परेशानियों को सुना। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दिन-रात लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। सीहोर विधानसभा क्षेत्र में भी किसी को परेशान होने नहीं दिया जाएगा। हरएक व्यक्ति की परेशानियों को दूर किया जाएगा। इस मौके पर श्री अरोरा ने ग्राम पत्लोना के निवासियों को पूरी तरह आश्वस्त किया है कि उनकी समस्याओं को सरकार तक पहुंचाया जाएगा और हरसंभव उन्हें मदद दिलाई जाएगी। वहीं श्री अरोरा और पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अमीता अरोरा ने सीहोर नगर में जिला अस्पताल के पास चमत्कारेश्वर महादेव समिति द्वारा कराई जा रही श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचकर कथा का श्रवण किया और भागवताचार्य का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

### जूनियर डॉक्टर के पत्र से सामने आई प्रताड़ना की कहानी, लिखा

# मैं अपना खून और आत्मा भी लगा दूं तो पर्याप्त नहीं होगा



**भोपाल, देशबन्धु।** 'मेरी थीसिस मैं कभी पूरी नहीं कर पाऊंगी और ये लोग मुझे कभी भी दोबारा नहीं जी पाएंगे, चाहे कुछ भी हो जाए यदि मैं अपना खून और आत्मा लगा दूं और अपना सब कुछ दे दूं तो यह उनके लिए कभी भी पर्याप्त नहीं होगा। आपकी मर्जी के विरुद्ध इस कालेज में प्रवेश करना चुना। नेव इट्ज़ कभी भी उनके लिए पर्याप्त नहीं है। इस निर्णय पर मुझे बहुत पछतावा है। मैंने विषय सीख लिया है, लेकिन इन लोगों में नैतिकता की कमी और विषाक्तता इतनी अधिक है कि मैं इसे बर्दाश्त नहीं कर सकती.. मुझे वास्तव में खेद है।' यह अंश हैं अत्यधिक मात्रा में बेहोशी की दवा का इंजेक्शन लेकर जान देने वालीं गांधी मेडिकल कालेज की महिला एवं प्रसूति विभाग की तृतीय वर्ष छात्रा डा बाला सरस्वती के पत्र के।

डा. बाला ने यह पत्र अपने मोबाइल में टाइप किया था। खुदकुशी के दूसरे दिन पुलिस को मोबाइल फोन की जांच में यह मिला। जो बाला किसी को भेजना चाह रही थीं, लेकिन किसी कारण से नहीं भेजा। इसके अलावा पुलिस ने मृतका के पति, माता-पिता और भाई-बहन के बयान दर्ज किए। उन्होंने भी अपने बयानों में बेटी को मेडिकल कालेज में शिक्षकों द्वारा प्रताड़ित करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस उपायुक्त ने पूरे मामले की जांच एसीपी शाहजहांनाबाद उमेश तिवारी को सौंपी है। श्री तिवारी ने बताया कि डा बाला सरस्वती के खुदकुशी के मामले में परिजनों ने मेडिकल कालेज के शिक्षकों द्वारा लगातार प्रताड़ित करने और लगातार अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया है कि बाला जब भी अवकाश की बात करती थी तब उस पर कामचोर जैसी टिप्पणियां की जाती थीं। यह बात उसे असहनीय लगती थी। जांच के आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मूलत: आंध्रप्रदेश की रहने वाली बाला सरस्वती ने सोमवार तड़के कोहेफिजा स्थित अपने घर में बेहोशी के इंजेक्शन लगाकर खुदकुशी कर ली थी। सुबह पति उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतका के परिजन मंगलवार को बेंगुलरु से भोपाल पहुंचे, जिसके बाद शव पोस्टमार्टम किया गया।

### जूडॉ हड़ताल पर

इधर जूनियर डॉक्टर बाला सरस्वती का पत्र सामने आने के बाद मेडिकल कालेज के छात्रों का आक्रोश और बढ़ गया। जीएमसी के जूडा मंगलवार दोपहर से हड़ताल पर चले गए हैं। उनकी मांग है कि विभागाध्यक्ष और आरोपित प्रोफेसरों पर कार्रवाई की जाए। वहीं पति ने भी ऐसे ही आरोप लगाए हैं।

# नर्सिंग विद्यार्थियों ने किया प्रदर्शन, धरने पर बैठे




**भोपाल, देशबन्धु।** नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को राजधानी भोपाल में प्रदर्शन किया। वे जेपी हॉस्पिटल से राजभवन की ओर बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोका दिया। पुलिस के रोकने पर वह बीच सड़क पर ही धरने पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस और विद्यार्थियों के बीच झूमाझटकी भी हुई। इसके बावजूद पुलिस ने आगे नहीं जाने दिया तो छात्र-छात्राएं करीब पांच घंटे तक सड़क पर ही बैठे रहे।

3 साल से परीक्षा नहीं होने और नर्सिंग घोटाले के विरोध में सैकड़ों नर्सिंग विद्यार्थी भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (भाराछासं) के नेतृत्व में मंगलवार सुबह से ही रेडक्रॉस हॉस्पिटल के पास शिवाजी चौराहे और जेपी हॉस्पिटल में जुट गए थे। इनका शिवाजी नगर चौराहे से राजभवन तक पैदल मार्च करने की योजना थी। इसके चलते एमपी नगर, टीटी नगर, हबीबगंज समेत चार थानों की पुलिस यहां तैनात रही। वहीं रास्तों पर बैरिकेड लगा दिए गए थे। इसके साथ ही राजभवन के आसपास भी बैरिकेडिंग की गई थी और यहां पुलिसकर्मी तैनात रहे। प्रदर्शनकारी विद्यार्थी शिवाजी नगर से जैसे ही राजभवन जाने के लिए आगे बढ़े पुलिस ने उन्हें से रोक दिया।

नर्सिंग स्टूडेंट्स के दल का नेतृत्व कर रहे भाराछासं चिकित्सा इकाई के रवि परमार ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। सरकार के इशारे पर पुलिस हमें अवैध तरीके से रोक रही है। हम राज्यपाल से मिलकर उन्हें छात्रों की पीड़ा से अवगत कराना चाहते थे, लेकिन सरकार तानशाही पर उतर आई। ये नर्सिंग छात्र-छात्राओं के संवैधानिक अधिकारों का हनन है। प्रदर्शन के दौरान राजवीर सिंह सिद्धांत आचार्य, लक्की चौबे, ईश्वर चौहान, विराज यादव, जितेंद्र विश्वकर्मा, मयंक शिवहरे, तनय अग्रवाल, अनिकेत पटेल, लखन ठाकुर आदि भी मौजूद थे।

### .. तो राज्य सरकार होगी जिम्मेदार

छात्र नेता श्री परमार ने कहा कि नर्सिंग छात्र-छात्राएं अपने भविष्य को लेकर अत्यधिक चिंतित हैं। जिन छात्र-छात्राओं का 2 साल का पाठ्यक्रम पोस्ट बीएससी नर्सिंग, एमएससी नर्सिंग था। वह तीन साल बाद भी प्रथम वर्ष में ही हैं। यही हाल 4 साल के पाठ्यक्रम बीएससी नर्सिंग वाले विद्यार्थियों का भी है। चूंकि 3 साल बीतने के बाद भी उनकी प्रथम वर्ष की परीक्षा नहीं हुई। इसके चलते छात्र-छात्राएं मानसिक रूप से परेशान हैं। उन्हें चिंता है कि उनकी डिग्री कब मिलेगी? ऐसे में अगर कोई भी छात्र आत्मघाती कदम उठाता हैं तो इसके लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार जिम्मेदार होगी। श्री परमार ने उच्च न्यायालय द्वारा परीक्षाओं पर रोक लगाने के फैसले पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम उच्च न्यायालय से आग्रह करते हैं कि इस मामले में दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। परीक्षा पर रोक लगाना हल नहीं है, क्योंकि सैंकड़ों विद्यार्थियों का सवाल है। शिक्षा माफियाओं की गलती का सजा बच्चों को क्यों मिले? बच्चे इस तरह कब तक पिसते रहेंगे?

# तेज रफ्तार बस ने मोटर साइकिल सवार युवक को रौंदा, मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** शाहजहांनाबाद थाना इलाके में सोमवार रात तेज रफ्तार बस ने मोटर साइकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। उधर बैरसिया इलाके में भी डंपर की टक्कर से मोटर साइकिल सवार एक महिला की मौत हो गई, जबकि वाहन चला रहे युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

शाहजहांनाबाद थाना पुलिस के मुताबिक लालघाटी क्षेत्र निवासी 30 वर्षीय किंगदास पुत्र हरगुनदास न्यू मार्केट में रेडीमेड कपड़ों की दुकान पर काम करता था। सोमवार रात को वह अपने एक दोस्त को बैरसिया रोड स्थित सिंधी कालोनी छोड़ने के बाद बाइक से अपने घर लौट रहा था। रात करीब सवा बारह बजे जब वह शाहजहांनाबाद में भोपाल गेट स्थित परी बाजार के पास से गुजर रहा था, तभी पीछे से आई एक तेज रफ्तार बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर रूप से घायल हुए युवक को उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया। यहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया और आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं पुलिस अब टक्कर मारने वाली बस की तलाश कर रही है।

उधर, तरावली जोड़ के बाद एक डंपर ने आगे जा रही एक मोटर साइकिल को टक्कर मार दी। इस हदसे में गाड़ी पर पीछे बैठी महिला की मौत हो गई, जबकि गाड़ी चला रहा युवक भी घायल हो गया। बैरसिया थाना पुलिस के ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड कालोनी करोंद निवासी 40 वर्षीय नर्गिस बी पति शादाब खां गृहणी थी। सोमवार शाम को वह अपने परिचित राजा नाम के युवक के साथ मोटर साइकिल से बैरसिया की तरफ जा रही थी। दोनों शाम करीब साढ़े छह बजे ग्राम तरावली के जोड़ पर पेट्रोलपंप के सामने पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी। इस हादसे में नर्गिस की मौत हो गई, जबकि राजा घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने डंपर जब्त कर लिया है।

# पटवारी 8 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार



**भोपाल, देशबन्धु।** लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार दोपहर एक पटवारी को कार्यालय में आठ हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि पटवारी कुशवाह समाज को मिली जमीन की लीज को रीन्यू कराने के लिए खुद और राजस्व निरीक्षक के लिए करीब पचास हजार की रुपये की मांग कर रहा था। इसकी शिकायत लोकायुक्त में की गई थी। इस पर जांच के बाद पटवारी को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया।

लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक मनू प्यास ने बताया कि सुनील कुशवाहा नाम के व्यक्ति ने लोकायुक्त कार्यालय आकर शिकायत की थी कि कुशवाहा समाज को शासन की ओर से अंजलि कॉम्प्लेक्स के पास सेकंड स्टाप तुलसी नगर में भूमि आवंटित हुई थी। जहां वर्तमान में कुशवाहा समाज का कार्यालय है। उन्होंने बताया था कि इस भूमि की लीज रीन्यू कराने के लिए पटवारी मनीष लोधी ने स्वयं और राजस्व निरीक्षक के लिए पचास हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। शिकायत का सत्यापन कर मंगलवार को सुनील को पटवारी मनीष लोधी के पटवारी हल्का कार्यालय न्यू मार्केट के पास आठ हजार लेकर भेजा गया। यहां जैसे ही पटवारी ने हाथ में रुपये लिए, तभी लोकायुक्त की टीम ने पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा लिया। लोकायुक्त की कार्रवाई के दौरान संजय शुक्ला, निरीक्षक रजनी तिवारी, निरीक्षक उमा कुशवाहा शामिल थी।

# जन आकांक्षाओं के अनुरूप होगा भाजपा का घोषणा पत्रः शर्मा




**भोपाल, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश चुनाव समिति की बैठक आज प्रदेश भाजपा कार्यालय में समिति के अध्यक्ष पूर्व मंत्री जयंत मलैया की अध्यक्षता और प्रदेश चुनाव प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र में शामिल किए जाने वाले मुद्दों को चिन्हित किया गया और यह निर्णय लिया गया कि घोषणा पत्र के लिए जनता से सुझाव लिए जाएंगे। इस बैठक के बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया से कहा कि भाजपा चुनाव का घोषणा पत्र जन आकांक्षाओं के अनुरूप होगा। इस घोषणा पत्र के लिए सभी वर्गों के सुझाव लिए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में मध्यप्रदेश बीमारू राज्य था, उसे भारतीय जनता पार्टी ने विकसित मध्यप्रदेश बनाया अब मध्यप्रदेश स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनेगा इस परिकल्पना पर भारतीय जनता पार्टी की घोषणा-पत्र समिति ने कई प्रकार के बिंदुओं पर विचार किया है। शर्मा ने बताया कि बैठक में घोषणा-पत्र जारी होने की एक पूरी प्रक्रिया होगी उसमें सारी बातें सामने आएगी किस प्रकार से हम जन आकांक्षाओं को घोषणा-पत्र में शामिल करने की एक कार्ययोजना बनाएं और सुझावों का एकत्रीकरण किन-किन माध्यमों से हो सकता है, इस पर भी विस्तृत चर्चा हुई है। इस बैठक में घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष श्री जयंत मलैया, सदस्य हितानंद शर्मा, राजेन्द्र शुक्ल, दीपक विजयवर्गीय मौजूद थे।

## अग्निवीर भर्ती रैली की बैठक आज

**भोपाल, देशबन्धु।** अग्निवीर सेना भर्ती रैली की बैठक 2 अगस्त को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने सभी कार्यालय प्रमुख, जिला प्रमुख को बताया है कि 20 अगस्त से 10 सितंबर 2023 तक आयोजित अग्निपथ सेना भर्ती रैली में आवश्यक व्यवस्था, संसाधनों के लिए बैठक आयोजित की गई है। उन्होंने बैठक में निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपेक्षा की है।

## बैरसिया नपा के लगभग डेढ़ सौ हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ वितरण



**बैरसिया, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक लाख हितग्राहियों को लाभ वितरण किया है। इसके लिए बैरसिया नगर पालिका में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री का सीधा प्रसारण देखा। इस दौरान बैरसिया नगर पालिका के 91 हितग्राहियों को द्वितीय क़िस्त और 48 हितग्राहियों को तृतीय क़िस्त प्रदान की गई। बैरसिया नगर पालिका क्षेत्र में एक करोड़ 15 लाख रुपये की राशि प्रदान की है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष तनुश्री कुलदीप सिंह राठौड़, प्रभारी सीएमओ ज़ाहिद अली, पार्षद प्रतिनिधि चंचल खत्री, पीएम आवास योजना के नोडल अधिकारी संतोष श्रीवास सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## ग्राम चपड़िया में शेड का लोकार्पण



उधर विकास पर्व के तहत बैरसिया विधानसभा क्षेत्र में विधायक विष्णु खत्री द्वारा ग्राम चपड़िया में बैजनाथ महाराज का पूजन कर शेड का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम गुराडिया में ग्रामीणजनों से भेंट कर चर्चा की एवं ग्रामीणों की मांग पर डेढ़ लाख रूपए से सामुदायिक कक्ष निर्माण कार्य स्वीकृत किया। विधायकने ग्राम रतुआ दुपाड़िया में कर्क रेखा शिलालेख की स्थापना के लिए स्थान का चयन भी किया गया।

## डॉ. शर्मा ने संभागायुक्त का कार्यभार संभाला



भोपाल, देशबन्धु। 1999 बैच के आईएएस डॉ. पवन कुमार शर्मा ने मंगलवार को भोपाल संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। डॉ. शर्मा के पास नर्मदापुरम संभाग का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। इस मौके पर कलेक्टर आशीष सिंह भी उपस्थित थे। कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारियों ने नवागत संभागायुक्त डॉ. शर्मा का गर्म जोशी से स्वागत किया। वहीं संभागायुक्त ने सभी से परिचय के साथ ही उनके कार्य की जानकारी ली और संक्षिप्त में अपनी प्राथमिकता बताई। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा विगत दिनों जारी आदेश अनुसार डॉ. शर्मा की पदस्थापना इंदौर संभाग से भोपाल की गई है। इससे पहले डॉ. शर्मा भोपाल जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी रह चुके हैं।

# द्रौपदी मुर्मू करेंगी अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव का उद्घाटन



**भोपाल, देशबन्धु।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भारत के सबसे समावेशी साहित्य उत्सव 'उन्मेष' का उद्घाटन तीन अगस्त को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में करेंगी। साहित्य अकादमी के सचिव के श्रीनिवासराव ने आज यहां पत्रकारों को बताया कि आयोजन 3 से 6 अगस्त के बीच होगा। उन्होंने कहा कि 'उन्मेष' के हर संस्करण में नए विषयों को जोड़ने का प्रयास होता है, ताकि लेखकों के नए समूह को चर्चा में शामिल होने का अवसर मिल सके और उनकी सृजनात्मकता को नई दिशाएँ प्राप्त हो सकें। इस साहित्य उत्सव के साथ ही संगीत नाटक अकादमी द्वारा 'उत्कर्ष' शीर्षक से लोक एवं जनजातीय प्रदर्शनकारी कलाओं का राष्ट्रीय उत्सव भी आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दोनों समारोहों का उद्घाटन राष्ट्रपति मुर्मू द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और विदेश एवं संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी भी उपस्थित रहेंगी। आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर आयोजित हो रहे इस उत्सव को साहित्य अकादमी नई दिल्ली, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश शासन संयुक्त रूप से आयोजित कर रहे हैं। उन्मेष उत्सव में 75 से अधिक कार्यक्रमों में 100 भाषाओं के 575 से अधिक लेखक सहभागिता कर रहे हैं। भारत के अतिरिक्त 13 अन्य देशों के लेखक भी उत्सव में शामिल होंगे। 'उन्मेष' का यह दूसरा संस्करण है। पहला आयोजन गत वर्ष जून में शिमला में किया गया था।

# कलेक्टर ने जरूरतमंदों को दी आर्थिक सहायता

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जनसुनवाई में जरूरतमंद परिवारों को रेडक्रॉस मद से आर्थिक मदद दी जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर ने मंगलवार को तत्काल मदद कर जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया।

कलेक्टर श्री सिंह ने आज जनसुनवाई में राजेश कुमार तिवारी की बेटी की फीस के लिए रेडक्रास से 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के निर्देश दिए हैं। श्रीमती संगीता करारिया के पति का एक पैर खराब हो जाने की स्थिति में बीमारी से इलाज के लिए 15 हजार रूपए, विकास मालवीय की पत्नि को अति गंभीर बीमारी के लिए इलाज के लिए 10 हजार रूपए, मजदूर रफीक को कॉलेज की फीस के लिए 15 हजार रूपए, श्रीमती अर्चना नाथ को भरण - पोषण स्वेच्छानुदान 18 हजार रूपए की राशि दी गई। इसके साथ ही इरफान खान को तेज बारिश में मकान गिर जाने की स्थिति में मकान मरम्मत के लिए 10 हजार रूपए सहित जनसुनवाई में आये अन्य प्रकरणों में कुल मिलाकर एक लाख 21 हज़ार से अधिक आर्थिक सहायता प्रदान की है। वहीं जनसुनवाई में लगभग दो सौआवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने संबंधित विभागों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही इस संबंध में आवेदकों

## तहसीलदारों के मध्य कार्य विभाजन

**भोपाल, देशबन्धु।** कलेक्टर आशीष सिंह ने प्रशासकीय एवं शासकीय कार्य की सुविधा के दृष्टिगत जिले में पदस्थ एवं अन्य जिलों से स्थानांतरित होकर भोपाल में पदस्थ हुए तहसीलदार, प्रभारी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, प्रभारी नायब तहसीलदारों को तहसील वृत्त में अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक पदस्थ एवं सम्बद्ध किया हैं। जारी आदेश अनुसार तहसीलदार आलोक पारे को तहसील कोलार, दिलीप कुमार चौरसिया तहसील हुजूर, एनएस परमार प्रभारी तहसीलदार नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त, मुकेश कुमार राज नजूल गोविन्दपुरा वृत्त, चन्द्र कुमार ताम्रकार नजूल शहर वृत्त, नीरज कालमेघ भू-अभिलेख शाखा जिला कार्यालय, सुनील वर्मा नजूल शहर वृत्त, अतुल शर्मा नायब तहसीलदार तहसील कोलार, सुश्री अनामिका सराफ नजूल संतहिरदाराम नगर बैरागढ़ वृत्त, लोकेश चौहान तहसील हुजूर, प्रेमप्रकाश गोस्वामी प्रभारी नायब तहसीलदार तहसील बैरसिया, रतिराम अहिरवार नजूल टीटी नगर वृत्त और रामजी तिवारी को नजूल गोविन्दपुरा वृत्त का दायित्व और कार्य सुपुर्द किए गए हैं।

G20 उत्तर रेलवे आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलवे भर्ती सेल (आरआरसी),
लाजपत नगर-1, नई दिल्ली-110024
सांकेतिक सूचना
रोजगार सूचना क्रमांक 01/2023

उत्तर रेलवे, रेल कोच फैक्ट्री, कपूरथला, मॉडर्न कोच फैक्ट्री रायबरेली और डीजल लोको मॉडर्नाइजेशन वर्क्स पटियाला के नियमित और पात्र कर्मचारियों (आरपीएफ/आरपीएसएफ को छोड़कर) से सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा (जीडीसीई) के रिक्त पदों को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। योग्य उम्मीदवार आरआरसी की वेबसाइट www.rrcnr.org पर उपलब्ध विस्तृत अधिसूचना के अनुसार 28/07/2023 से आवेदन कर सकते हैं।

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | |
|---|---|
| अधिसूचना प्रकाशन की तिथि | 28.07.2023 |
| ऑनलाइन पंजीकरण खुलने और आवेदन करने की तिथि | 29.07.2023 |
| ऑनलाइन पंजीकरण और आवेदन करने की अंतिम तिथि | 28.08.2023 |
| आरआरसी वेबसाइट पर हस्ताक्षरित पीडीएफ अपलोड करने की अंतिम तिथि | 01.09.2023 |

2372/2023 अध्यक्ष/आरआरसी
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय नगर पालिक निगम, सागर

क्रं./लोककर्म/न.नि./2023/35 सागर दिनांक 31/07/2023

:: ऑनलाईन निविदा सूचना::

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्ड क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_295302_1 01.08.2023 | मधुकर शाह वार्ड में नेमा जी के घर से चौबे जी के घर तक सी.सी. सड़क एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (निगम निधि) | 03 माह 7,97,341=00 | 2,000=00 7,974=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 2. | 2023_UAD_295303_1 01.08.2023 | मधुकरशाह वार्ड में स्मार्ट प्वाइंट के पीछे मिश्रा जी मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (निगम निधि) | 03 माह 5,79,058=00 | 2,000=00 5,791=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 3. | 2023_UAD_295304_1 01.08.2023 | मोतीनगर चौराहा के पास महाकवि पद्माकर सभागार (आडिटोरियम परिसर में) भवन निर्माण कार्य (निगम निधि) | 03 माह 2,97,115=00 | 2,000=00 2,972=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 4. | 2023_UAD_295305_1 01.08.2023 | चन्द्रशेखर वार्ड में लक्ष्मी अगरबत्ती के पीछे आर.सी.सी. नाली निर्माण कर्य (निगम निधि) | 04 माह 9,31,377=00 | 2,000=00 9,314=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 5. | 2023_UAD_295306_1 01.08.2023 | शास्त्री वार्ड में विभिन्न स्थानों पर सी.सी. रोड नाली क्रास पाईप निर्माण कार्य (निगम निधि) | 04 माह 17,42,548=00 | 2000=00 13,069=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |
| 6. | 2023_UAD_295307_1 01.08.2023 | नरयावली नाका वार्ड में महिलाओं के लिए सार्वजनिक जिम निर्माण कार्य (निगम निधि) | 04 माह 26,57,929=00 | 5,000=00 19,934=00 | 21.08.2023 शाम 05:30 तक |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन https://mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, कृते आयुक्त, नगर पालिक निगम सागर

देशबन्धु

भोपाल, बुधवार 2 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## नफ़रत की धांय-धांय...

देश अंततः उस मुकाम पर खड़ा दिखाई देने लगा है जहां उसे पहुंचाने की सुनियोजित योजना पिछले एक दशक से बनाई और क्रियान्वित की गई है। वैसे तो इसका खाका लगभग एक शताब्दी से बनाकर समाज के आगे रख दिया गया था परन्तु उसे राज्य की शक्ति और सत्तारुढ़ पार्टी का समर्थन हालिया 8-9 वर्षों में मिला है। इस शक्ति और समर्थन के रक्तरंजित प्रतिफल की एक झलक जयपुर-मुम्बई एक्सप्रेस में देखने को मिली जब एक कांस्टेबल ने सियासी बहस से बौखलाकर 4 लोगों को गोलियों से भूनकर रख दिया। इनमें तीन एक सम्प्रदाय विशेष के थे तो चौथा व्यक्ति आरक्षक का वरिष्ठ अधिकारी ही था। इतना ही नहीं, उसने लहू से तरबतर लाशों के सामने बाकायदा भाषण दिया और अन्य यात्रियों को समझाया कि 'जिसे भी भारत में रहना है, उन्हें किसे वोट देना चाहिये।' हत्या के तुरन्त बाद लोगों के समक्ष जो उद्बोधन कांस्टेबल ने दिया वह पिछले कुछ समय से लगाये जा रहे नारों की ही प्रतिध्वनि है जो चेतावनियों व धमकियों की शक्ल में सुनाई देती रहती है। देश के ज्यादातर हिस्सों में कभी एकाकी तो कभी समवेत स्वर में ऐसी धमकियां उन सभी को मिल रही हैं जिन्हें अलग समाज का हिस्सा मान लिया गया है और उन्हें बहुसंख्यकों से दोयम नागरिक का दर्जा दे दिया गया है। इन नारों के शिकार वे भी होते हैं जो इससे असहमत होते हैं और मानते हैं कि यह देश अल्पसंख्यकों का भी उतना ही है जितना अन्य लोगों का।

12956 क्रमांक की यह ट्रेन सोमवार की सुबह जब मुंबई से करीब 100 किलोमीटर दूर पालघर में थी, एएसआई टीकाराम मीणा व दो अन्य आरक्षक साथियों के साथ आरोपी कांस्टेबल चेतन कुमार चौधरी कोच की एस्कॉर्ट ड्यूटी पर था। मीणा की किसी राजनैतिक टिप्पणी से वह एकाएक तैश में आ गया। उसने अपनी आटोमेटिक राइफल से मीणा एवं उसके साथ बैठे अब्दुल कादिर भानपुरवाला पर फायरिंग कर दी। फिर वह पेंट्री कार में गया। वहां उसने सदर मोहम्मद को गोलियों से उड़ाया। तत्पश्चात बी-6 कोच में जयपुर के असगर अली को मार डाला जो काम की तलाश में मुंबई आ रहा था। फिर करीब 6 बजे चेतन ने चेन खींचकर ट्रेन रोकी व उतरकर भागने लगा। जीआरपी ने उसे मुंबई के समीपवर्ती उपनगर मीरा रोड व दहिसर के बीच हथियारों के साथ पकड़ लिया।

बताया जा रहा है कि चेतन गुस्सैल है और इन दिनों अवसाद में था। सवाल सिर्फ यह खड़ा नहीं होता कि ऐसी मानसिक अवस्था में उसे क्यों ड्यूटी पर तैनात किया गया बल्कि घटनाक्रम से परे जाकर यह देखा जाना चाहिये कि जिन केन्द्रीय बलों के जवानों को हमेशा से धर्मनिरपेक्ष माना जाता रहा है, उसका एक सदस्य एक वर्ग विशेष को निशाना बनाकर एक-दो नहीं पूरे 12 राउंड फायर करता है। साथ ही मृत शरीरों के पास खड़े होकर एक खास तरह की विचारधारा के अनुरूप बातें करता है। वह साफ संदेश देता है कि अगर लोगों को इस देश में रहना है तो उन्हें किन-किन लोगों को वोट देना होगा यानी किस पार्टी और लोगों को समर्थन देना होगा। साफ है कि अल्पसंख्यकों को दिया जाने वाला यह संदेश देश भर के अल्पसंख्यकों को भयभीत करेगा; और ऐसा करना ही उसका मकसद है।

ऐसा नहीं है कि देश में कोई पहली बार चलते-फिरते या बस-ट्रेन में सफर करते हुए सहयात्रियों के बीच राजनैतिक विचार-विमर्श हुआ हो। नुक्कड़ों, चौक-चौराहों, चाय, पान, नाई की दुकानों से लेकर सभागारों व सभाओं तक हमेशा से हर तरह की बहसें होती आई हैं। इनमें सियासती बहसें भी शामिल हैं। विचारों से असहमति के बीच भी ऐसी तक़रीरें होती रहती हैं। हाल के वर्षों की राजनैतिक फिज़ा कुछ ऐसी बदली है कि अब असहिष्णुता चरम पर है। वैचारिक विरोधियों व दूसरे धर्मावलम्बियों को देश का दुश्मन बतलाना, गद्दार कहना, पाकिस्तान-अफगानिस्तान भेजना, नक्सली, धर्मविरोधी साबित करना संवाद कला का नवाचार है जिसने सहिष्णु व सभ्य लोगों को इस वैचारिक प्रक्रिया से बाहर कर दिया है। अब बहस का क्षेत्र अंधभक्ति में लीन, तर्क -विवेक से विहीन तथा कुपढ़ों के अधीनस्थ हो गया है। वहां तथ्यों व यथार्थ पर आधारित विचार-विमर्श कम और गाली-गलौज से सनी भाषावली मुखर है। बड़ी संख्या में लोग उस नयी संस्कृति का हिस्सा हैं जो राष्ट्रभक्ति के नाम पर ट्रोल आर्मी के सदस्य बन गये हैं।

देश के ही कुछ वर्गों को अपने दुश्मन मान लेने वाले ये लोग हिंसा व घृणा से लबरेज़ हैं जो हथियारों से लैस होने पर अगर उन्हें मौत के घाट उतार देते हैं तो आश्चर्य ही क्या है? यह वही राह है जिस पर चलकर हमारे राजनैतिक पुरखों ने आजादी लेने से तक इंकार कर दिया था और तय किया था कि भारत को खून से लथपथ रास्तों पर चलना मंजूर नहीं है वरन वह बुद्ध, महावीर और गांधी के बताये रास्ते पर चलकर स्वतंत्र देश बनेगा चाहे उसके लिये उसे कितना भी इंतज़ार क्यों न करना पड़े। दुर्भाग्य से वह विचारधारा लोगों के मनो-मस्तिष्क और सत्ता पर कुछ इस कदर काबिज हो गई कि अब अहिंसा कायरता है और धर्मनिरपेक्षता एक वर्ग विशेष का तुष्टिकरण। समावेशी समाज की अवधारणा उपहास का विषय बन गया है तो समानता का सिद्धांत कूड़ेदान में फेंके जाने योग्य बतलाया जा रहा है।

नफ़रत की बोली और हिंसक व्यवहार पर लगाम न लगी तो समाज उस बिन्दु पर जाकर खड़ा हो जायेगा जहां से उसे वापस बुलाना असम्भव हो जायेगा। हथियारों की धमक जिन्हें कर्णप्रिय लगती हो और अगर इसे ही वे शक्ति का प्रतीक मानते हैं तो शायद वे यह नहीं समझते कि बारूद फटने के पहले न तो समीप खड़े व्यक्ति की जाति पूछता है और न ही बंदूक-तमंचे से निकली गोली की दिलचस्पी किसी का धर्म जानने में होती है। बुलेट के आगे अब्दुल, सदर, असगर और टीकाराम एक सरीखे हैं।

# मजबूरी नहीं, जरूरी है गठबंधन

अभी 'इंडिया' के गठन को भी पक्का और फाइनल नहीं मानना चाहिए। लेकिन नीतीश कुमार ने जब दोबारा भाजपा का साथ छोड़ते हुए अपने लिए विपक्ष को एक करने की भूमिका तय की तब से बात काफी आगे बढ़ चुकी है। और इस सफलता के लिए नीतीश कुमार को बधाई बनती है। सिर्फ उन्हें ही नहीं लगभग सारे विपक्ष वालों को बधाई बनती है कि उन्होंने मतभेद के अनगिनत प्रसंगों को दरकिनार करके इस पहल को आगे बढ़ाया है और अरविन्द केजरीवाल द्वारा पहले दौर में उठाए गए हंगामे को भी संभाल लिया है। दूसरे दौर में अन्य बड़े हंगामे तो नहीं दिखे लेकिन कुछ खटर-पटर हुई। तय मानिए ऐसा अंत तक चलेगा क्योंकि राज्यों की राजनीति में आमने -सामने के दल भी इस खूबसूरत नाम वाले गठबंधन का हिस्सा बन गए हैं। जब चुनाव होगा तो लड़ना तो होगा ही। फिर मुद्दे और एजेंडा तय करना है, केन्द्रीय नेता न सही राज्यों के नेता या प्रमुख दल की स्वीकार्यता मुद्दा है, संसाधन जुटाने और बांटने का सवाल होगा। समन्वय का मुश्किल काम है। अब सुरजीत और जार्ज फर्नांडीस नहीं हैं लेकिन उनकी भूमिका तो बची है और जो भी निभाएगा उसे दंडवत-प्राणायाम करना ही होगा। फिर सामने बैठा ताकतवर शासक जमात भी चुप क्यों बैठेगा। उसने भी तोड़-फोड़ शुरू कर दी है और आगे और सक्रिय होगा ही।

जिस तरह से नरेंद्र मोदी और भाजपा ने इस 'इंडिया' गठबंधन को लेकर प्रतिक्रिया दी है वह ठीक उसी उम्मीद वाली नहीं है जो मोदी-शाह की ताकतवर जोड़ी या सत्ता और संसाधन से लैस भाजपा या फिर विशाल संघ परिवार के कार्यकर्ताओं की फौज के हर हाल के समर्थन के लिए आश्वस्त दल से की जा रही थी। किसी पासवान, किसी सहनी, किसी मांझी, किसी राजभर जैसों को फिर से जोड़कर अपना एनडीए खड़ा करना और उसमें अकाली दल और अजीत सिंह की पार्टी को ही नहीं केसीआर की पार्टी और जगन मोहन रेड्डी को लाने की कोशिश करना तो बहुत स्वाभाविक कदम हैं और अगर मोदी तथा शाह जुटेंगे तो उनके गठबंधन में 38 क्या बावन दल होने में देर नहीं लगेगी। और अगर गठबंधन का नेतृत्व भाजपा करेगी, नरेंद्र मोदी नेता होंगे तो न कार्यक्रम/एजेंडे को लेकर कोई गिला-शिकवा होगा न संसाधनों को लेकर। पर मोदी जी ही नहीं पूरी भाजपा मंडली, खासकर आज पार्टी को निर्णायक दिशा देने में प्रभावी लोगों और प्रवक्ताओं की जो प्रतिक्रिया दिखती है उसे लेकर बहुत कुछ कहने की जरूरत नहीं है। उसमें कहीं न कहीं डर है, खीझ है, कुंठा है। कुल मिलाकर वह भाजपा और खुद मोदी जी के पक्ष को हल्का बनाती है। अब 'इंडिया' को लेकर इतने तरह की बात करने की जरूरत नहीं थी।

लेकिन उससे ज्यादा गंभीर बात भाजपा द्वारा इस तथ्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार न करना है कि गठबंधन भारतीय राजनीति का बहुत बड़ा सच है, जरूरत है और आज कोई भी नेता या दल पूरे मुल्क की राजनीति करने में सक्षम नहीं है। यह बात उस नेता और उसकी राजनीति की आलोचना से ज्यादा भारतीय समाज की सच्चाई को बताता है, भारतीय लोकतंत्र के जवान होने की पुष्टि करता है, कमजोर से कमजोर सामाजिक समूह और क्षेत्रीय आबादी द्वारा अपना नेता सामने करने, अपनी आकांक्षाओं को सामने रखने और वोट की राजनीति द्वारा उनको आगे बढ़ाने की पुष्टि करता है। शुरुआती कांग्रेसी राजनीति में प्रो. रजनी कोठारी जिस 'रेनबो कॉलिशन' को देखते थे और जिसकी वास्तविकता और कमजोरियों को भी गिनाते थे वह बाद की राजनीति में गठबंधनों द्वारा ही हासिल किया जाता रहा है। ऐसा 67 के गैर कांग्रेसवाद के समय भी हुआ और 77 के जनता पार्टी प्रयोग के समय भी। बाद में भी यह काम एनडीए और यूपीए ही नहीं वाम मोर्चा या रामो-वामो जैसे नामों से होता रहा है। यह अलग बात है कि कांग्रेस और बड़ी पार्टियों को ही नहीं विचारधाराओं और एक नेता से ज्यादा मजबूती से जुड़ी पार्टियों को खुले रूप में इसे स्वीकार करने में मुश्किल होती रही है। कांग्रेस अपने चंडीगढ़ अधिवेशन तक अकेले चलाने का प्रस्ताव करती रही तो वाम दल बिना अपना दबदबा मनवाए गठबंधन करने से परहेज की रणनीति अपनाए रहे।

राष्ट्रीय स्तर पर खुला गठबंधन अटलबिहारी वाजपेयी के दौर में बना और उसे बनाने के लिए धारा 370 की समाप्ति, राममंदिर और तीन तलाक जैसे मुद्दों को भी भाजपा ने ताक पर रख दिया। फिर कांग्रेस का नखरा भी गया और वाम दल भी माने। व्यावहारिक राजनीति में सिद्धांतों-विचारों का जोर काम होने का भी फर्क पड़ा। इसकी कीमत नेता का कद अव्यावहारिक रूप से बढ़ना और उसे हथियाने के लिए सारे कुकर्म के रूप में सामने आया। देश भर में जोर नहीं चला तो अपने प्रदेश या इलाके भर में ऐसा हुआ। और ऐसा दौर आया जब अधिकांश प्रदेशों से कथित राष्ट्रीय पार्टियों की तो विदाई हुई ही केंद्र सरकार में भी क्षेत्रीय दलों के नेता निर्णायक भूमिका में आ गए। ममता, जयललिता और मायावती ने अटल जी को 'पानी पिला दिया' तो लालू, बादल, चौटाला, पंवार, चंद्रबाबू, करुणानिधि और मुलायम केंद्र सरकारों के भी 'भाग्यविधाता' बने। और अटल जी या नरसिंह राव और मनमोहन सिंह की सरकार बाकी किसी से खराब चली हो यह भी नहीं कहा जा सकता। लालू जी पर्याप्त काबिल रेल मंत्री साबित हुए।

यह दौर लोक सभा और संसद की बनावट पर भी रंग छोड़ने वाला हुआ। एक समय ऐसा आया कि कथित राष्ट्रीय पार्टियों (या चुनाव आयोग से मान्यता प्राप्त) के सांसदों की संख्या पीछे रहने लगी और क्षेत्रीय दलों के सांसद ज्यादा होने लगे। नरेंद्र मोदी के उदय के साथ यह क्रम कुछ बदलता दिखा-क्षेत्रीय दलों का वोट प्रतिशत तो 2014 में बढ़ा लेकिन सीटों में गिरावट आई। 2019 में दोनों में कमी हुई तो कई राजनैतिक पंडित कहने लगे कि क्षेत्रीय राजनीति या पारिवारिक पार्टियों या जाति आधारित पार्टियों की राजनीति के गिरने की शुरुआत हो चुकी है। मोदी जी का व्यक्तित्व और भाजपा-संघ का एजेंडा नेतृत्व और वैचारिक बिखराव को पलटने के तर्क भी तैयार करने लगा। दूसरी ओर रामविलास की पार्टी को मटियामेट करने, मुकेश सहनी की पार्टी को समाप्त करने, जीतनराम मांझी की पार्टी को दुरदुराने, ठाकरे की पार्टी को तोड़ने, चौटाला पार्टी को बिखराने, पवार पार्टी को विभाजित करने जैसे काम हुए या खुद से हो गए। पर विपक्षी एकता का मजाक उड़ना भी जारी रहा। 'इंडिया' का स्वरूप उभरते ही (जिसमें अभी भी कई मजबूत गैर-भाजपा दल नहीं आए हैं) भाजपा और मोदी-शाह के इस अभिमान का अंत भी दिखता है। इसकी प्रतिक्रिया में एनडीए को पुनर्जीवित करना तो स्वाभाविक कदम लगता है पर खुद भी गठबंधन सरकार चलाते हुए (जी हां, अभी की मोदी सरकार भी गठबंधन वाली ही है) गठबंधन की राजनीति को कोसना असल में अपनी बेचैनी और कुंठा को दिखाता है। अपने सर्वमान्य और सर्वकालीन महान नेता बनाने के सपने के टूटने की बौखलाहट दिखती है।



अरविन्द मोहन

**भाजपा द्वारा इस तथ्य को सार्वजनिक रूप से स्वीकार न करना है कि गठबंधन भारतीय राजनीति का बहुत बड़ा सच है, जरूरत है और आज कोई भी नेता या दल पूरे मुल्क की राजनीति करने में सक्षम नहीं है। यह बात उस नेता और उसकी राजनीति की आलोचना से ज्यादा भारतीय समाज की सच्चाई को बताता है, भारतीय लोकतंत्र के जवान होने की पुष्टि करता है।**

# इंडिया ने मोदी और एनडीए का बहुत कुछ दांव पर चढ़वा दिया

■ एस. सेतुरमन

भारत में एक स्पष्ट रूप से प्रभावी विपक्षी गठबंधन के उद्भव के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी 2024 के लोकसभा चुनावों में अपने तीसरे कार्यकाल को सुनिश्चित करने के लिए लोकसभा में आवश्यक संख्या को लेकर अधिक उत्साहित नजर आ रहे हैं।

भाजपा सरकार के मुखिया 2024 के लिए बने नये 26-पार्टियों वाले विपक्षी गठबंधन को 'कट्टर भ्रष्ट समूहों के सम्मेलन' कहते हुए कहा कि उससे तो 'वंशवाद/ पारिवारिक शासन' को ही बढ़ावा मिलेगा, और उसके देश का कोई भला नहीं होगा। वह जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं वह इस बात का खुलासा करता है कि भाजपा वास्तव में मूलभूत रूप से बदलते राजनीतिक परिदृश्य के कारण कितना चिंतित हो उठी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जिन्होंने अपनी विदेश यात्राओं और सरकारों के प्रमुखों तथा जी-20 के वर्तमान अध्यक्ष को गले लगाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कद हासिल किया है, को भी अपनी प्रतिष्ठा की रक्षा करनी होगी। फिर यह ऐसे समय में हो रहा है जब मणिपुर जैसी देश में होने वाली घटनाएं, और एक प्रशंसित लोकतंत्र में नागरिकों के अधिकारों के अतिक्रमण को विदेशों में प्रतिकूल ढंग से नोटिस लिया जा रहा है। भारत के विश्व के केंद्र में होने के बड़े दावों के संदर्भ में लोकसभा चुनाव-2024 को एक भू-रणनीतिक घटना के रूप में भी देखा जा सकता है।

परिदृश्य में भारी बदलाव हो रहा है इसमें कोई संदेह नहीं है। नवगठित 26-पार्टियों वाले गठबंधन- खुद को इंडिया घोषित करने वाली कांग्रेस और मजबूत क्षेत्रीय पार्टियां- भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन - अधिक आशाजनक आर्थिक और राजनीतिक कार्यक्रम तैयार करेगी, यह भी तय है। परन्तु इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्हें पूरे देश में सीट-बंटवारे का समायोजन करना होगा।

इंडिया गठबंधन के साझेदारों की सितंबर में मुंबई में बैठक होने वाली है ताकि भाजपा के राजनीतिक आख्यान के मुकाबले एक विपक्षी राजनीतिक आख्यान तैयार करने में प्रगति हो सके। देश को बढ़ते रोजगार और सामाजिक न्याय के साथ सतत आर्थिक विकास सुनिश्चित करने की सख्त जरूरत है। भाजपा का 2014 का 'अच्छे दिन' का वायदा मोदी सरकार के नौ साल बाद भी आम लोगों के हित में नजर नहीं आ रहा है।

मोदी सरकार ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी के स्तर को कम करने की प्रमुख समस्या को छोड़कर बड़े व्यवसाय के स्तर को बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे में सुधार किये। आम तौर पर बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के साथ, श्री मोदी मानते हैं कि भारत पहले से ही एक विकसित देश है और अब देश के डिजिटलीकरण पर अधिक जोर दिया जा रहा है। 'हम बड़ा सोचते हैं, बड़े सपने देखते हैं और बड़े काम करते हैं' यह प्रधानमंत्री का दावा है जो शेष राजनीतिक भारत को 'भ्रष्ट' कहकर खारिज करता है।

भाजपा जीतने के जोखिमों को भी जानती है और उसने खुद को हाई गियर में डाल लिया है। पहले तो उसे तीन राज्यों - मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ - जहां 2023 के अंत से पहले विधानसभा चुनाव होने हैं, पर जीत हासिल करनी है। शिवराज सिंह के नेतृत्व वाले मध्य प्रदेश को बनाये रखने के लिए भाजपा अपेक्षाकृत आश्वस्त है, परन्तु यह कांग्रेस के कब्जे वाले राजस्थान में अधिक कठिन लड़ाई में सामने आई है, जहां पार्टी को अभी भी अपनी आंतरिक दरारों से उबरना बाकी है।

भाजपा 'सामूहिक नेतृत्व' की पेशकश कर रही है। अपनी पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे को यह स्वीकार्य नहीं है, जो मैदान में उतरने के लिए अपने चेहरे पर जोर देती हैं। भाजपा अध्यक्ष जे.पी.नड्डा एक स्वीकार्य समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं, शायद लोकसभा सीटों के लिए 'मोदी फेस' की तरह। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस ही मजबूत दिख रहा है।

दक्षिण में कर्नाटक में अपनी हार के बाद भाजपा उत्तर और पश्चिम (उत्तर प्रदेश और गुजरात के अलावा) में अपनी संख्या में कमी की भरपाई करना चाहती है। इस प्रकार, लोकसभा में अपनी 39 सीटों के साथ तमिलनाडु को पहले से कहीं अधिक महत्व मिला है और भाजपा द्रमुक को उसकी मजबूत पकड़ से उखाड़ने की साजिश रच रही है। 2019 में, एम के स्टालिन (अब सीएम) के नेतृत्व वाली द्रमुक (तब सत्ता में नहीं थी) ने 25 सीटें हासिल की थीं। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह यह सुनिश्चित करने के लिए तमिलनाडु की देखभाल कर रहे हैं कि डीएमके की सीटों में भारी कमी आये।

अमित शाह द्वारा स्टालिन सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए एक मजबूत द्रमुक विरोधी अभियान शुरू किया गया था, क्योंकि उन्होंने रामेश्वरम में श्री अन्नामलाई की 'पदयात्रा' को हरी झंडी दिखाई थी, जो एक पूर्व पुलिस अधिकारी हैं जो अब तमिलनाडु भाजपा के प्रमुख हैं। यह पहली बार है कि मोदी सरकार अपने गृह मंत्री अमित शाह के माध्यम से एक गैर-भाजपा राज्य सरकार को 'भ्रष्ट' करार देती है जिससे नया तनाव पैदा हो गया है। द्रमुक के एक मंत्री ने गृह मंत्री की कटु आलोचना की कि वह 'बिना किसी आधार के' ऐसे आरोप लगा रहे हैं।

यह सब, पार्टी और मोदी सरकार दोनों स्तरों पर, अपने चुनावी बहुमत के बावजूद, तमिलनाडु में 'द्रविड़' सरकार से जल्द से जल्द छुटकारा पाने के लिए दृढ़ संकल्पित भाजपा के अभियान का हिस्सा है। राज्यपाल आरएन रवि द्रविड़ विचारधारा पर सवाल उठाते रहे हैं और स्टालिन सरकार के साथ कई तरह से गंभीर विवाद में रहे हैं। भाजपा ने अपने नेताओं की कुछ टिप्पणियों के माध्यम से अपने सहयोगी अन्नाद्रमुक को नाराज करके कुछ गलतियां की हैं, लेकिन पार्टी इंडिया गठबंधन को चुनौती देने के लिए और अधिक सहयोगी जुटाने के लिए सभी प्रयास कर रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में तमिलनाडु में नरेंद्र मोदी बनाम एम के स्टालिन है।

**मोदी सरकार ने देश में बढ़ती बेरोजगारी और गरीबी के स्तर को कम करने की प्रमुख समस्या को छोड़कर बड़े व्यवसाय के स्तर को बढ़ाने के लिए मुख्य रूप से बुनियादी ढांचे में सुधार किये। आम तौर पर बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाने के साथ, श्री मोदी मानते हैं कि भारत पहले से ही एक विकसित देश है और अब देश के डिजिटलीकरण पर अधिक जोर दिया जा रहा है।**

## पावन प्रसंग

### अपनी क्षमता बढ़ाएं चुनौतियों से लड़ें

प्रकृति पहेलियां पूछने में माहिर हैं। उसकी पहेली बड़ी अबूझ एवं रहस्यमयी होती हैं। इन पहेलियों का हल जीवन के व्यापक अनुभव में ही खोजा-पाया जा सकता है- जो ढूंढेगा, पाएगा अवश्य। प्रकृति में ऐसा कुछ भी नहीं है,जिसका समाधान नहीं है और जिसे पाया नहीं जा सकता। बस, इस गूढ़ता को जानने और वांछित फल की प्राप्ति के लिए हम सदा तत्पर बने रहना चाहिए। जो ऐसा कर पाते हैं अंतर्निहित क्षमताओं में अभिवृद्धि होती है और उनके व्यक्तित्व का निरंतर विकास होता है। उन्हें नवीन बोध मिलता है और उनके जीवन में उपलब्धियों के नए प्रसून फूलते हैं। ये सब प्रकृति की नई चुनौतियों को स्वीकार करने से ही होता है। चुनौतियां जीवन में अनायास भी आती हैं और इन्हें योजनाबद्ध तरीके से आमंत्रित भी किया जाता है। जो इन चुनौतियों से भागते हैं, पलायन करते हैं, उनका जीवन सामर्थ्यहीन, डरपोक एवं कमजोरियों से घिर जाता है; क्योंकि ऐसे चुनौती को देखते ही तनावग्रस्त हो जाते हैं, तनाव से भर जाते हैं और उनकी शारीरिक एवं मानसिक शक्तियां काम करना बंद कर देती हैं। आधुनिक शोधों से पता चलता है कि तनाव वस्तुतः चुनौतियों की समुचित व्याख्या का अभाव एवं अपनी क्षमताओं का सही आकलन न कर पाने के कारण जन्म लेता है। परिस्थितिजन्य एवं स्वयं के बुलावे पर आई चुनौतियों को हम ठीक-ठीक जान नहीं पाते हैं। जब हम इन्हें नहीं जान पाते हैं तो इनसे जूझने का साहस नहीं होता है और हम ऐसी चीजों से भाग खड़े होते है, तब हमें तनाव देने वाले कारक डराते हैं, और हम उनसे डर जाते हैं।

तनाव एक और कारण से भी जीवन में पनपता है और वह है कि हम अपनी क्षमताओं और सामर्थ्यों से अनभिज्ञ बने रहते हैं। हमें विश्वास ही नहीं रहता कि हम इन चुनौतियों को स्वीकार कर सकते हैं और इनसे पार भी पा सकते हैं; जबकि वास्तविकता कुछ और है। वास्तविकता है कि कुदरत ने हम सबको असीम सामर्थ्यों से युक्त बनाया है। बस, इन्हें हम जानते नहीं हैं, पहचान नहीं पाते हैं। हम तो ऐसे हैं जैसे विराट सुवासित चंदन के वनों के मालिक होकर भी चंदन की कीमत नहीं जानते और सामान्य लकड़ी के मोल उसे बेचने को विवश होते हैं। हम ऐसे हैं कि हीरे की खान में छिपे कोयले के साथ हीरे को चमकीला पत्थर मानकर कौड़ी के मोल बेचते चले जा रहे हैं। जिस दिन हम उसे पहचान लेंगे, हमें अपनी सामर्थ्य का सही बोध हो जाएगा, हम चुनौतियों से भागेंगे नहीं, बल्कि उनसे खिलौने के समान खेलने में आनंद उठायेंगे।

हमारे पास अनगिनत सामर्थ्य है। इनमें से प्रमुख है हमारी भावना, ज्ञान एवं व्यवहार की शक्ति। जो चुनौतियों का सामना करते हैं, उनके पीछे उनकी शक्तियों की आधारशिला है। वे अपनी सामर्थ्यों की खुदाई करते हैं और उनमें से एक नई सामर्थ्य की खुदाई करते हैं जिनमें ऐसी सामर्थ्य पैदा हो जाती है, वे जीवन में तनाव में घिरकर भी तनावमुक्त होते हैं, क्योंकि वे तनाव से निजात पाने के तरीके ईजाद कर लेते हैं। उनके जीवन में सवालों का हल होता है, समस्याओ का समाधान होता है और वे चुनौतियों से बेहतर ढंग से जूझ लेते हैं तथा नई-नई चुनौतियों को आमंत्रित करके उनसे अपनी सामर्थ्यों की धार पैनी करते रहते हैं।

चार्ल्स डार्विन बीस वर्षों तक बुखार से पीड़ित थे, परंतु इस बुखार को नजरअंदाज करके उन्होंने संसार में पाए जाने वाले जीव-जंतुओं की प्रजातियों की कष्टसाध्य खोज-बीन की और इसी का परिणाम था कि वे 'ओरिजिन ऑफ न्यू स्पेशिज' नामक कालजयी ग्रंथ की रचना कर सके। महान आयुर्वेदाचार्य ऋषि यदि चुनौतियों को न स्वीकारते तो सामान्य व्यक्ति की तरह अपने रोग से आक्रांत रहते, परंतु अपने शरीर पर असाध्य घाव एवं उसकी असहनीय पीड़ा से पीड़ित वन-वन भटके और बिना ठहरे समाधान खोजते रहे। अंततः उनकी पीड़ा से संवदित होकर सारे वनस्पति-जगत अपने गुण-धर्मों को स्वतः प्रकट करने लगे और उन्होंने चरक संहिता का रूप लिया, जो चिकित्सा के क्षेत्र में प्रकाशस्तंभ के समान खड़ा सर्वज्ञ आलोक फैला रहा है। इन्होंने चुनौतियों को स्वीकारा और उनसे ऊबरने एवं जूझने की कुशलता पाई तथा औरों को भी इससे परिचित कराया।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

### क्यों लड़कों की तरह पढ़ नहीं सकती लड़कियां?

क्या लड़की होना पाप है? कोई गुनाह है? आखिर क्यों लड़की को यह बार-बार एहसास दिलाया जाता है कि वह एक लड़की है? लड़कियों को बचपन से ही इस तरह से ढाला जाता है कि वह सिर्फ घर के कामों के लिए ही बनी है। बाहर की दुनिया से उनका कोई वास्ता दूर-दूर तक नहीं है। लड़के और लड़कियों में बचपन से ही भेदभाव किया जाता है। लड़के और लड़कियों दोनों को यह सिखाया जाता है कि तुम कौन सा काम कर सकते हो और कौन-सा नहीं? बचपन से ही कामों को बांट दिया जाता है। लड़कियों को बहुत से खेलों में भाग लेने से मना किया जाता है कि तुम एक लड़की हो, यह खेल तुम्हारे लिए नहीं है, समाज क्या कहेगा? पितृसत्तात्मक समाज में लड़कियों का कोई वजूद ही नहीं है। वह खुद के लिए कोई फैसला भी नहीं कर सकती है जबकि लड़का अपना फैसला खुद ले सकता है। लड़कियां वही करेंगी जो घर के मर्द बोलेंगे, पढ़ाई-लिखाई भी घरवालों की मर्जी से करेगी। यहां तक कि एक लड़की अपनी पसंद का कपड़ा भी नहीं पहन सकती है। उक्त बातें कहते-कहते गांव की किशोरियों के चेहरे उदास व रूआंसू हो जाते हैं।

यूनिसेफ की रिपोर्ट की मानें तो दुनिया भर में, 129 मिलियन लड़कियां स्कूल से बाहर हैं। इनमें क्रमशः 32 मिलियन प्राथमिक स्कूल की उम्र की, 30 मिलियन निम्न-माध्यमिक स्कूल की, 67 मिलियन उच्च-माध्यमिक स्कूल की उम्र की लड़कियां शामिल हैं। लड़कियों की शिक्षा में गरीबी, बाल विवाह, लैंगिक असमानता, हिंसा एवं शिक्षा में निवेश करते समय गरीब परिवार अक्सर लड़कों को प्राथमिकता देते हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों में गांव भी तेजी से बदल रहे हैं। लोग जागरूक व आधुनिक सोच के हो रहे हैं। लड़कियों की शिक्षा को महत्त्व दिया जा रहा है लेकिन दूसरी ओर आज भी कुछ ऐसे दलित-महादलित व पिछड़े परिवार हैं जहां लड़कियां पढ़ाई से महरूम हैं। ऐसे परिवार के लिए दो वक्त की रोटी जुटाने में बच्चे से लेकर बूढ़े तक मजदूरी पर निर्भर हैं। परिणामतः शिक्षा की लौ नहीं जल पाती है। अशिक्षा के कारण ऐसे परिवार आंडबरों व सामाजिक कुरीतियों व कुचक्रों में जकड़े होते हैं। इन समुदायों में आज भी लड़कियों की शिक्षा के प्रति घोर उदासीनता है।

प्रश्न यह उठता है कि आखिर क्यों हमारा समाज महिलाओं और किशोरियों को शिक्षा जैसे मौलिक अधिकारों से वंचित रखता है? क्या यह समाज केवल पुरुषों से बनता है? ग्रामीण इलाकों में ऐसे टोले-कस्बों की कमी नहीं जहां लड़कियों के प्रति दोयम दर्जे का व्यवहार किया जाता है। लड़कियों को सांस भी लेने के लिए परिवार के पुरुषों पर निर्भर रहना पड़ता है। हमारा समाज जितना ज्ञान लड़कों को देने के लिए व्याकुल रहता है, उतना ही अगर लड़कियों को दी जाए तो वह न केवल सशक्त होंगी बल्कि देश से महिलाओं पर अत्याचार और शोषण का खात्मा भी मुमकिन हो सकता है। हालांकि राज्य से लेकर केंद्र सरकार तक किशोरियों की शिक्षा के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्हें मैट्रिक, इंटर, यूजी, पीजी आदि करने के लिए प्रोत्साहन राशि और स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड भी दिए जा रहे हैं। इसके अलावा सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण तथा पंचायती राज में 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित कर दी गई है। इसके बावजूद यदि ऐसे समुदायों में सरकार की योजनाएं एवं नीतियां दम तोड़ रही हैं तो इनके क्रियान्वयन पर फिर से समीक्षा करने की ज़रूरत है।

**सिमरन कुमारी, मुजफ्फरपुर, बिहार**

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार–समाचार

### मध्यान्ह वितरण समूह हड़ताल पर

**गैरतगंज, देशबन्धु।** अपनी लंबित मांगों को लेकर मध्यान्ह वितरण समूह 1 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। महिला स्व सहायता समूहों द्वारा ज्ञापन सौंपकर काम बंद हड़ताल शुरू कर दी है। आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से खिलाये जाने वाला भोजन एवं नाश्ता हड़ताल के चलते बंद कर दिया गया है। समूहों ने सांझा चूल्हा बंद कर प्रदेश स्तरीय आंदोलन में अपनी सहभागिता निभाई है। संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि उनकी 10 सूत्रीय मांगे लंबे समय से लंबित है।

### नवागत तहसीलदार ने संभाला प्रभार

**सिरोंज, देशबन्धु।** गत एक दिन पूर्व कलेक्टर उमाशंकर भार्गव द्वारा तहसीलदार व नायब तहसीलदारों के स्थानांतरण सूची जारी की गई जिसमें संजय नागवंशी को सिरोंज स्थानांतरित किया गया और नायब तहसीलदार दर्शनलाल नेगी को नटेरन स्थानांतरित कर नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल को सिरोंज स्थानांतरित किया गया था। मंगलवार को नवागत तहसीलदार संजय नागवंशी ने कार्यभार संभाल लिया ।


### कर्मचारियों ने की हड़ताल

**सिरोंज, देशबन्धु।** मप्र नगर निगम व नगर




पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश स्तरीय आव्हान पर एक दिवसीय हड़ताल पर रहकर भोपाल पहुंचकर कर्मचारियों ने सरकार की सहमति के बाबजूद नगरीय प्रशासन द्वारा मांगों पर अब तक अमल न करने के विरोध में नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यालय के घेराव प्रदर्शन में शामिल हुऐ। कर्मचारी संघ के पदाधिकारी अरूण भारती ने बताया कि प्रदेश सरकार से नगरीय निकाय के कर्मचारियों की 5 मुख्य मांगे और 6 अन्य मांगे निकायों में कार्यरत एक सिंतम्बर 2016 तक के सभी दैनिक वेतन भोगीयों का विनियमितिकरण (स्थाईकर्मी) करने, पुरानी पेंशन बहाली सहित मांगे शामिल है। जिसपर पूर्व में सरकार से सहमति होने के बाद भी अब तक नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा उक्त मांगों पर अमल नहीं किया गया। इस दौरान नितिन शाक्य, लोकेन्द्र ठाकुर, प्रमोद पंथी, रवि सैनी, नेमा, शेरू नामदेव, विश्वकर्मा, हेमंत शर्मा, पंथी, आदि कर्मचारी शामिल रहे।

### युवक ने लगाई फांसी



**सिरोंज, देशबन्धु।** बोहरवाड़ी में किराए से रहने वाले एक 27 वर्षीय युवक अयाज खान पुत्र सलीम खान ने आज शाम फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।मामले पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 5 लाख का गांजा बरामद, 2 गिरफ्तार

**बेचने के लिए टपरे में छुपाकर रखा था**



**भैरुंदा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** पुलिस ने 15 लाख का अवैध गांजा पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश पर अवैध गतिविधियों के रोकथाम करते हुए भेरुंदा पुलिस द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखने वाले व्यक्ति के टप्पर पर दबिश दी जहां टप्पर से दो व्यक्ति के कब्जे से अवैध गांजा कुल वजन 100 किलो 500 ग्राम जिसका बाजार मूल्य 15 लाख रुपए आरोपी के कब्जे से जप्त किया गया। घटनाक्रम के अनुसार 31 जुलाई को पुलिस सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अपने टप्पर ग्राम राला तिलाडिया रोड में भारी मात्रा में अवैध गांजा बेचने के लिए रखे हुए है। सूचना पर टप्पर ग्राम राला तिलाडिया रोड के यहां दबिश दी गई जहां दो व्यक्ति पुलिस को आता देख भागने का प्रयास करने लगे जिसे फोर्स की मदद से पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम राकेश यादव उम्र 49 साल निवासी ऋषिनगर कालोनी हाल टप्पर ग्राम राला तिलाडिया रोड थाना भैरुंदा जिला सीहोर व विष्णुप्रसाद यादव उम्र 55 साल निवासी ग्राम मण्डी थाना भैरुंदा का होना बताया व अपने अन्य साथी संतोष बैरागी व सुरेश पंवार के साथ मिलकर गांजा खरीदना व नसरुल्लागंज क्षेत्र एवं आसपास क्षेत्र मे व्यापार करना बताया। मामले में पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों को पुलिस न्यायालय से रिमाण्ड प्राप्त कर मामले में लिप्त अन्य आरोपियों के बारे में व मादक पदार्थ के लाने व खरीदने के बारे में पूछताछ करेगी। मामले के अन्य आरोपी संतोष बैरागी व सुरेश पंवार की तलाश की जा रही है। आरोपीगण राकेश व विष्णुप्रसाद से कुल 100 किलो 500 ग्राम गांजा जिसका बाजार मूल्य 15 लाख रुपये का जप्त किए हैं । आरोपीगण राकेश व विष्णुप्रसाद अधिक पैसा कमाने की लालच में संतोष बैरागी व सुरेश से गांजा खरीदकर गांव के आसपास के क्षेत्रों में फुटकर में गांजा पीने वालें व्यक्तियों को बेचा करता था। 31.07.2023 को भी आरोपीगण राकेश व विष्णुप्रसाद ने संतोष से गांजा अधिक मात्रा में खरीदकर फुटकर में बेचने के लिए अपने खेत में बने टप्पर में रख रखा था। इस कार्रवाइ में थाना प्रभारी नसरुल्लागंज निरीक्षक कंचन सिंह ठाकुर, उप निरीक्षक श्यामकुमार सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक. राजेन्द्र, प्रआर. रामशंकर परते, प्रआर जितेन्द्र यादव , प्रआर दिनेश जाट, आर योगेश कटारे, आर. विपिन जाट, आर. संदीप ,आर. पुष्पेन्द्र जाट, महिलाआरक्षक वैशाली तिवारी, पवन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा उचित पुरस्कार से

## 2 चोरियों का खुलासा, माल सहित आरोपी गिरफ्तार



**भैरुंदा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** लाडकुई चौकी पुलिस ने चोरी के आरोपियों को 48 घंटे में गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास कर मुखबिर की सूचना पर मंगलवार को आरोपी पूनम ओझा उम्र 48 साल, सुनील ऊर्फ बांय ओझा उम्र 32 साल, रज्जू सरलाम उम्र 43 साल निवासी लाडकुई को गिरफ्तार कर 60 किलो सरसो व 60 किलों मूंग कीमती 7800 एवं एक अन्य ठीक इसी प्रकार की चोरी में आरोपी छोटेलाल उईके उम्र 20 साल, धमेन्द्र उईके उम्र 25 साल निवासी गुलरपुरा एफआईआर पंजीबद्ध होने के 48 घण्टों में गिरफ्तार कर चोरी गया मशरूका गेहूं, सोयाबीन कुल मशरूका 9000 रूपये बरामद किया गया । अन्य प्रकरणो के संबंध मे पूछताछ की जा रही है। दोनों प्रकरणों में कुल मशरूका 16800 रूपये होना पाई गई। घटनाक्रम के अनुसार 29.07.23 को फरियादी मनोज पिता महेन्द्र जैन 48 साल निवासी लाडकुई (भैरुंदा) ने रिपोर्ट किया कि 27-28.07.23 को गल्ला मंडी लाडकुई मे पोरवाल ट्रेडर्स के नाम से लाईसेस है। गल्ले की खरीदी ब्रिकी करता हूं। शाम लगभग 06.00 बजे अपनी दुकान बंद कर मै अपने घर चला गया था । मैने दुकान पर जाकर देखा तो मेरी बाहर रखी कटिटयों में से कुछ कटटी कम थी। जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबंद्ध किया गया। इसी प्रकार 30.07.23 को फरियादी गोविन्द मीना पिता शिवनारायण निवासी गुलरपुरा ने रिपोर्ट कराई की 29.30.07.23 को रात्रि करीब 10 बजे हम लोग खाना खाकर शटर बंद करके सो गये थे। सुबह करीब 07.00 बजे उठकर मेरे घर के अंदर लगी शटर को उठाकर देखा तो उसमे रखी गेहु की 50-50 किलो की चार कटिटया व 50 किलो का एक सोयाबीन का कटटा नही मिला। जिसकी रिपोर्ट पर से अज्ञात आरोपी के विरूध अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भैरुन्दा निरीक्षक सुश्री कंचन सिंह ठाकुर, सउनि भवानीशंकर ,प्रआर 163 महेन्द्र सिंह, आर 578 पवन जाट, आर 538 रितेश तोमर, आर.559 रविन्द्र जाट, सैनिक खुलीलाल की प्रमुख भूमिका रही।

# शहर वाचनालय में महापुरुषों को किया याद




**गंजबासौदा,देशबन्धु।** शहर वाचनालय पाठक संघ द्वारा महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लोकमान्य तिलक, गायक मोहम्मद रफी, जलिया वाले बाग के अमर शहीद उधम सिंह की पुण्यतिथि मना कर श्रद्धांजलि दी एवं भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के अग्रणी भारत राज्यश्री रत्न पुरुषोत्तम दास टंडन,स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी कमला नेहरू कवि लेखक मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। साथ ही विश्व वर्ल्ड वाइड वेब डे, वर्ल्ड लंग कैंसर डे, मुस्लिम महिला अधिकार दिवस, विश्व स्तनपान सप्ताह भी मनाया गया। शहर वाचनालय पाठक संघ के संयोजक दीपक ने बताया की पाठक संघ द्वारा समस्त पाठकों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और यह कार्य निरंतर जारी है। इस अवसर पर समाजसेवी सुनील बाबू ने महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहां की उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारे। वार्ड नंबर 17 के पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र शर्मा ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि पाठक संघ द्वारा सभी की पुण्यतिथि एवं जयंती मना कर बहुत अच्छा काम किया जाता है। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी ने किया। कार्यक्रम में अमित सोनी ने महापुरुषों की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कैलाश नामदेव,राजेश माथुर,भुवनेश माथुर, दौलत राम प्रजापति, वरिष्ठ समाजसेवी विजय अरोरा, दीपक जैन, रमेश सोलंकी, सतीश सेन,राजकुमार ब्यास, फैजल अली, नितेश जैन,बबलू राय आदि पाठक गण उपस्थित रहे।

# थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को किया जागरूक, दिलाई शपथ

**सिरोंज, देशबन्धु।** पुलिस विभाग द्वारा एसपी के निर्देशन अनुसार महिला सुरक्षा सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर 1 से 15 अगस्त तक बालिकाओं एवं महिलाओं के विरूद्ध घटित अपराधों की रोकथाम एवं महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पुरूषों को जागरूक करने मैं हूं अभिमन्यु अभियान के द्वितीय चरण के तहत पथरिया थानांतर्गत ग्राम पथरिया में थाना प्रभारी के.के. पवार द्वारा एसडीओपी ललित सिंह डागुर जी के मार्गदर्शन में थाना स्तर पर ग्राम के चौक चौराहों पर मंगलवार को बालिकाओं, महिलाओं पर घटित अपराधों के संबध में जानकारी दी। ग्रामीणों को जागरूक कर आमजन को अभियान के तहत थाना प्रभारी द्वारा शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान संमदर यादव, पुलिस व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन के बाहर गाड़ियां खड़ी करने वालों के रेलवे पुलिस ने बनाए चालान

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट के बाहर प्रतिबंध के बाद भी दो पहिया वाहन खड़े कर दिए जाते हैं। जिससे स्टेशन आने वाले यात्रियों को गेट से निकलने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है यहां पर आटो चालक भी अपने आटो खड़ा कर खड़े हो जाते हैं। मंगलवार को रेलवे पुलिस द्वारा स्टेशन के बाहर खड़े दोपहिया वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। आरपीएफ प्रभारी प्रकाश राज अमले के साथ स्टेशन पहुंचे गेट के बाहर खड़े वाहनों के मालिकों की जानकारी जुटाने के बाद उनकी चालानी कार्यवाही की गई। यातायात पुलिस ने करीब 12 दोपहिया वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 2400 रुपए के चालान बनाए । साथ ही वाहन चालकों और आटो चालकों को चेतावनी दी कि यदि स्टेशन के गेट के बाहर वाहन खड़े पाए गए तो उनको जब्ती की कार्रवाई की जाएगी ज्ञात हो कि पूर्व में याता यात पुलिस आरपीएफ जीआरपी द्वारा भी स्टेशन के बाहर खड़े वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई थी लेकिन इसके बाद भी लोग स्टेशन के बाहर वाहन खड़े करने से बाज नहीं आ रहे हैं। आरपीएफ प्रभारी प्रकाश राज ने बताया कि स्टेशन के बाहर वाहन खड़े करने वालों को चेतावनी भी दी गई है।

## असहायों को भोजन वितरण कर मनाया भाजपा नेता पालीवाल जन्मदिन

**सिरोंज, देशबन्धु।** भाजपा नेता व जनपद सदस्य प्रतिनिधि पंडित प्रंशात पालीवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मंगलवार को उनके समर्थकों ने रावजी पथ स्थित असहयोग संस्था पहुंचकर असहायों, निशक्त व गरीबों को भोजन वितरण कर जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान जुगराज कौरव, आदि समर्थक मौजूद थे। साथ ही पालीवाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दिनभर कई धार्मिक व सामजिक कार्यक्रम चलते रहे।



## अफीम बेचते 2 महिला तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुरैना, देशबन्धु।** नशे के कारोबारियों को अफीम की सप्लाई देने आई दो महिलाओं को सिविल लाइन पुलिस ने महर्षि विद्या मंदिर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। पकड़ी गई महिला तस्करों के कब्जे से पुलिस ने करीब 500 ग्राम अफीम जब्त की है। अंतरराज्यीय बाजार में अफीम की कीमत 60 हजार रुपए आंकी गई है। थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रवीण सिंह चौहान को सूचना मिली कि जौरा रोड पर महर्षि विद्या मंदिर के पास दो महिलाएं अफीम की सप्लाई देने आई हैं। कार्रवाई के लिए टीआई फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे और महिला आरक्षक की मौजूदगी में दोनों युवतियों को वहां से पकड़कर थाने लाए। पूछताछ के दौरान महिलाओं की पहचान मनोरमा कोली पत्नी अजय कोली निवासी चार शहर का नाका ग्वालियर व राधा यादव पत्नी राधेश्याम यादव निवासी भिलसैया कैलारस के रूप में हुई हैं। महिला आरक्षक ने महिला तस्करों के कब्जे से करीब 500 ग्राम अफीम जब्त की हैं। पुलिस ने इस मामले में महिला आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा 8/18 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। कार्यवाही में एसआई सुखदेव सिंह चौहान, एसआई संतोष बाबू गौतम, प्रधान आरक्षक रवींद्र शर्मा, अवनीश शर्मा व जितेंद्र तोमर आदि शामिल रहे। इस बीच पुलिस उक्त महिलाओं से मादक पदार्थ लाने व बेचने और खरीदारों के बारे में पूछताछ की जा रही है, जिससे कि इससे जुड़े अन्य अपराधी भी गिरफ्तार किए जा सके।

## कूलर के करंट से महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी



**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मुरैना गांव एसएस कॉलोनी में करंट लगने से एक महिला की जिला अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। जानकारी के अनुसार मुरैना गाँव के पास एसएस कॉलोनी निवासी 28 वर्षीय संदीप जाटव की 25 वर्षीय पत्नी रचना घर पर साफ सफाई का काम कर रही थी, तभी घर में रखे कूलर के करंट ने उसे पकड़ लिया, जब परिजनों ने रचना की चिल्लाने की आवाज सुनी, तब दौड़कर आये और कूलर के तारों को अलग किया। परिजन रचना को बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, यहां उपस्थित डॉक्टर ने महिला का चैकअप किया और मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी गई। पुलिस ने महिला का पोस्टमार्टम कराकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया तथा मर्ग कायम कर मामले की जांच आरंभ कर दी है।

## रेल्वे ट्रेक पर मिला अज्ञात युवक का शव

**मुरैना, देशबन्धु।** जीआरपी थाना पुलिस ने मंगलवार की सुबह उत्तम पुरा इलाके में रेलवे ट्रैक से एक युवक का क्षत-विक्षत शव बरामद किया है। जानकारी के अनुसार मुरैना जीआरपी थाना पुलिस को मंगलवार की सुबह सूचना मिली की एक युवक का शव रेल्वे ट्रेक पर पड़ा हुआ है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और अपनी जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस का मानना है कि युवक की मौत ट्रेन से टकराने की वजह से हुई है। पुलिस ने शिनाख्ती के लिए आसपास के लोगों को सूचना की, लेकिन मृतक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई। उसके बाद पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए डेड हॉउस भेजा गया जहाँ उसका पोस्टमार्टम कराकर शव शिनाख्ती के लिए डेड हॉउस में ही रखवा दिया है।

## हरदोट में पुलिस ने जुआरियों को रंगे हाथ पकड़ा

**गैरतगंज, देशबन्धु।** तहसील क्षेत्र के ग्राम हरदोट में पुलिस कार्रवाई में आधा दर्जन से अधिक जुआरियों को जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ाए है। मौके से ताश के पत्ते समेत नगदी जप्त की। जानकारी के अनुसार ग्राम हरदोट में मुखबिर की सूचना पर गैरतगंज पुलिस ने सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात एक रहवासी मकान पर छापामार कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई में जुआ खेलते बेगमगंज निवासी संजय जैन आ अमरचंद जैन, चांद मिया आ शेख मातबर, सोनू बाल्मीकि आ जीवन, राहतगढ़ निवासी छोटेलाल लोधी आ रणधीर सिंह लोधी, हरदोट निवासी शुभम साहू आ शंकर साहू एवं सचिन शर्मा आ संतोष शर्मा को पकड़ा है। वही मौके से 52 ताश के पत्ते एवं 83400 रु नगद जप्त किये। बताया जाता है कि यहां लंबे समय से जुआ खिलाया जा रहा था। यह पूरी कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विकास कुमार सहबाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमृत मीणा के निर्देशन में एसडीओपी बेगमगंज सुनील बरकड़े के मार्गदर्शन में तहसील क्षेत्र में अवैध गतिविधियों, जुआ सट्टा पर कार्रवाई की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी महेश टांडेकर ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 13 पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई में उनि गुलाब लकड़ा, सउनि रमेश इवने, प्रआर अरुण कांत, प्रआर राजेश गौतम, शैलेन्द्र राजपूत, आर. सरताज अली, पिंकुज, राहुल मिश्रा की इस पूरी कार्रवाई में सराहनीय भूमिका रही।

## किसानों को देरी से भुगतान सहित यूरिया की किल्लत दूर करने की मांग

## मूंग तुलाई में गड़बड़ी का आरोप कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन



**गैरतगंज, देशबन्धु।** शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही मूंग खरीदी में प्राथमिक कृषि शाख सहकारी संस्था चांदपुर पर गड़बड़ी आरोप लगाते हुए ब्लाक कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर जांच की मांग की। इसके अलावा किसानों की उपज का समय पर भुगतान करने एवं यूरिया की किल्लत जल्द दूर करने की मांग की है। मंगलवार को ब्लाक कॉग्रेसके तत्वावधान में बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने अनुविभागीय अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में बताया कि शासन स्तर पर समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर बड़े स्तर पर गड़बड़ियां की जा रही है। गैरतगंज तहसील के अंतर्गत प्राथमिक कृषि शाख सहकारी संस्था मर्यादित चांदपुर द्वारा गढ़ी के पास एक वेयरहाउस में की जा रही खरीदी केंद्र पर बड़े पैमाने पर गड़बड़ी है। यहां प्रबंधक, वेयरहाउस प्रभारी द्वारा व्यापारियों से साठगांठ कर बड़े स्तर पर अमानक स्तर की उपज खरीदी जा रही है। पूर्व में चांदपुर सोसायटी द्वारा गेहूं खरीदी में भी गड़बड़ी कर विदिशा से नीलामी का पुराना 10 हज़ार कुंटल गेंहू भंडारण चौकसे वेयरहाउस चांदपुर में किसानों के नाम पर अवैध रूप से तौल कर रखवाया गया था। उन्होंने इस मामले में भी जांच करने एवं वर्तमान मूंग खरीदी में हो रही गड़बड़ी की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लालाजी ठाकुर, देवनगर ब्लाक अध्यक्ष रामबाबू लोधी ने बताया कि मूंग खरीदी में गड़बड़ी के साथ किसानों को भुगतान 15 से 20 दिनों के बाद भी नही हुआ। उपज का जल्द भुगतान कराया जाए। क्षेत्र भर में किसानों को पर्याप्त यूरिया की उपलब्धता की जाए। उन्होंने मांगों की जल्द पूर्ति के अभाव में आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मदन राजपूत, युवा अध्यक्ष टिंकू साहू, सुनील श्रीवास्तव, शाहिद अंसारी, मकसूद हसन, मो अरशद, जितेंद्र कुशवाहा, कल्लू खा, पोरस चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य मंत्री सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



**रायसेन,देशबन्धु।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा सांची जनपद की ग्राम पंचायत अम्बाड़ी के ग्राम मुरकाबाद (बासिया) में आयोजित विकास पर्व कार्यक्रम का कन्यापूजन और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। उन्होंने 24 लाख रुपए की लागत से ग्राम बासिया में और 24 लाख रुपए की लागत से ही शक्तिटोला में बनने वाले सामुदायिक भवनों के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं तथा विकास कार्यो के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यो को भी प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि इन सामुदायिक भवनों के बन जाने से ग्रामीणों को गॉव में ही सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर तथा सुविधाजनक भवन उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुखिया श्री शिवराज सिंह चौहान को समाज के प्रत्येक वर्ग की चिंता है। सरकार द्वारा चलाई जा रहीं जनकल्याणकारी और विकासमूलक योजनाओं का लाभ सभी पात्र नागरिकों तक पहुंचे, यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत लाड़ली बहनों को हर महीने की 10 तारीख को एक-एक हजार रू की राशि प्रदान की जा रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत आयुष्मान कार्डधारी व्यक्ति एक साल में पांच लाख रू तक का इलाज निजी अस्पताल में करा सकते हैं।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा ने भी उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए अनेकों काम किए जा रहे हैं। गॉव-गॉव को सड़कों से जोड़ा जा रहा है, नवीन जल संरचनाओं का निर्माण कराया जा रहा है। स्वास्थ्य केन्द्र बनाए जा रहे हैं, स्कूल भवन बनाए जा रहे हैं। स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। कार्यक्रम में अनेक हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### मातंग समाज ने मनाई समाज सेवी अन्नाभाऊ साठे की जयंती



**भैंसदेही, देशबन्धु।** नगर के अम्बेडकर ग्राउंड में मातंग समाज के लोगों ने समाज के अध्यक्ष रवि शेलके के नेतृत्व में समाजसेवी अन्नाभाऊ साठे की जयंती मनाई। जिसमें सर्वप्रथम वरिष्ठ सामाज सेवी कृष्णराव डोंगरे,युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव राहुल छत्रपाल, विधानसभा अध्यक्ष(पार्षद)महेश थोटेकर,दादाराव वानखड़े,सीताराम शेलके ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा एवं अन्नाभाऊ साठे के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव राहुल छत्रपाल, पार्षद महेश थोटेकर ने कहा कि अण्णा भाऊ साठे एक समाज सुधारक,लोक कवि और लेखक थे। मातंग समाज के अध्यक्ष रवि शेलके ने कहा कि अन्नाभाऊ साठे हमारे समाज के गौरव थे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से साहदेव हिवराले, शंकरराव लोखंडे, उदयराम हिवराले,सूरदास शेलके,चिंटू शनेसर,राजा सोनाटे, शिवम लोखंडे, अंकुश हिवराले, सतीश शेल्के,दीपक वानखडे, अनिल वानखडे,आकाश हिवराले, विनीत हिवराले,रमेश लोखंडे,अतुल शेलके, प्रीतम वानखड़े सहित बड़ी संख्या में मातंग समाज के लोग उपस्थित रहे।

### बुजुर्ग ने भाभी और भतीजे पर लगाया जान से मारने और धमकी देने का आरोप

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले ग्राम आमला के एक आदिवासी बुजुर्ग ने अपनी ही भाभी और भतीजे के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित आदिवासी बुजुर्ग ने जयस के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता चंद्रकिशोर वाडिवा उम्र 55 वर्ष का आरोप है कि भाभी और भतीजे द्वारा उन पर जानलेवा हमला भी किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि अनावेदक द्वारा उनकी झोपड़ी में तोड़फोड़ कर 4 हजार और चांदी की पायल गायब कर दी। एक कट्टी सोयाबीन, एक कट्टी गुल्ली पर भी कब्जा कर लिया। इस मामले में आवेदक ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए नुकसान की भरपाई करने की मांग की है। एसपी को सौंपे शिकायत आवेदन में आवेदक ने बताया कि वह पत्नी कैलू के साथ खेत में रहता है। विगत 9 जुलाई को खेत में जुताई करते समय 3 बजे भाभी ने लड़ाई की, शाम को संदीप पिता साहेबलाल, सुभाष पिता रामकिशन ने जान लेवा हमला किया। शिकायतकर्ता ने उनके भतीजे संदीप वाडिवा 25, भूरा वाडिवा 22 वर्ष के खिलाफ भी शिकायत की है। इस मामले में जयस जिला प्रभारी महेश शाह उइके, जयस जिला उपाध्यक्ष रितिक बाबा परते, जयस शिक्षा प्रभारी दिलीप पंदराम, जयस जिला आईटी सेल प्रभारी रामदीन इवने, जयस मीडिया प्रभारी सौरभ सलामे, कैलो वाडिवा,

### पारसढोह, वर्धा बांध से पूर्व सर्वे के आधार पर सिंचाई के लिए पानी देने की मांग

# पानी नहीं तो वोट नहीं के नारे लगाते तहसील पहुंचे कई गांवों के किसान

**मुलताई, देशबन्धु।** पारसढोह एवं वर्धा बांध का पानी पुराने सर्वे के आधार पर वंचित गांवों के किसानों को मिले इस मांग लेकर मंगलवार सैकड़ों ग्रामीण तहसील मुख्यालय पहुंचे और हाथों में तख्ती लिए मासोद नाके से नारे लगाते हुए कामधेनु चौक होते हुए बस स्टैंड शहीद किसान स्मारक पहुंचे जहां शहीद किसानों को श्रद्धांजलि दी। यहां से किसान पानी नहीं तो वोट नहीं, नहर नही तो जहर दे दो जैसे नारे लगाते हुए तहसील परिसर पहुंचे जहां मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरिया को सौंपा। ज्ञापन में नहर के पानी से वंचित 35 ग्रामों में पानी पहुंचाने की मांग की अन्यथा आगामी चुनाव का सामूहिक रूप से बहिष्कार करने की चेतावनी दी। एसडीएम तृप्ति पटैरया ने सभी ग्रामों में शिविर लगाकर सिंचाई अधिकारी और राजस्व अमले के साथ इस समस्या का हल निकालने का आश्वासन दिया।



**ज्ञापन लेने आए नायब तहसीलदार को बैरंग लौटाया:** किसानों के तहसील परिसर पहुंचते ही नायब तहसीलदार जी पाठे किसानों से ज्ञापन लेने के लिए परिसर के बाहर पहुंचे लेकिन किसानों ने उन्हें बैरंग खाली हाथ ही लौटा दिया। उन्होंने कहा कि जब एसडीएम कार्यालय में मौजूद है तो वे स्वयं आकर उनका ज्ञापन ले अन्यथा वे कार्यालय के बाहर ही बैठे रहेंगे। जिसके बाद सूचना एसडीएम को पहुंचा दी गई और सूचना पाकर एसडीएम तृप्ति पटरैया स्वयं किसानों के बीच पहुंची और उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्या का जल्द समाधान करने का आश्वासन देते हुए ज्ञापन लिया।

ज्ञापन देने तहसील कार्यालय पहुंचे ग्रामीण जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को तुरंत बुलाकर चर्चा करने पर अड़े रहे, इसके उपरांत जल संसाधन विभाग के एसडीओ मनोज चौहान एसडीएम कार्यालय पहुंचे जहां यह तय हुआ कि 16 अगस्त को किसानों का प्रतिनिधिमंडल जल संसाधन विभाग मुलताई पहुंचकर सिंचाई अधिकारियों से चर्चा करेगा और समस्या समाधान के प्रयास किए जाएंगे।

**कुछ गांवों में 2 बांधों को पहुंच रहा पानी:** ग्राम आष्टा का नाम पारसढोह एवं वर्धा दोनों ही सिंचाई परियोजना के कमांड क्षेत्र में शामिल था किंतु दोनों योजनाओं में से इस ग्राम को हटा दिया गया। इसी प्रकार क्षेत्र में पूर्व में निर्मित बिसनुर, टेमूरनी, पुसली, गुजरमाल एवं ठानी जलाशय से कुछ भूमि पूर्व से सिंचित है फिर भी यह ग्राम पारसढोह बांध के कमाड क्षेत्र में शामिल होकर दोनों ओर से सिंचाई सुविधा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। जबकि 35 ग्राम जैसे शिर्डी, पीपलपानी, साईखेड़ा खुर्द, वायगांव, मासोद, डोगरपुर ,चकोरा, गेहूंबारसा, चिखली माल, देवझिरी, जामगांव, तीवरखेड़, गोपाल तलाई, प्रभात पट्टन सहित 35 ग्रामों में किसी भी सिंचाई परियोजना के पानी का लाभ नहीं मिल रहा है। ज्ञापन सौंपने के दौरान सीएल देशमुख आष्टा ,प्रकाश मस्की, पंकज बरपेटे, दीनानाथ मायवाड़, सुरेश नरवरे, सुधाकर कुमरे, पंकज बारपेटे, नामदेव फाटे, दिलीप पवार ,दशरथ नरवरे, प्रवीण लोखंडे आदि मौजूद रहे।

## पुलिस इंडिया रिफार्म संस्था ने एसपी का किया सम्मान



**बैतूल, देशबन्धु।** पुलिस पब्लिक एकता के लिए काम कर रही पुलिस इंडिया रिफार्म संस्था ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। संस्था पुलिस सम्मान अभियान के तहत प्रशासनिक अधिकारियों को सम्मानित कर प्रदेश व देश में पुलिस प्रशासन के प्रत्येक सकारात्मक संदेश देने के उद्देश्य से यह काम कर रही है। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष किशोर धोटे ने बताया कि जन मानस कल्याण संस्थान की जिला बैतूल इकाई व पुलिस इंडिया रिफार्म के तत्वाधान में कोरोना के वक्त देश में संपूर्ण लॉकडाउन लगने पर मध्य प्रदेश पुलिस के द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए गए। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन ने लॉकडाउन के समय हजारों उत्तर प्रदेश के प्रवासी नागरिकों व प्रदेश के रहवासियों के लिए सहयोग प्रदान कर भोजन एवं अन्य आवश्यक कार्यों के साथ ही जिस तरह सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा वह सराहनीय है। इसी को लेकर पुलिस का सम्मान किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजकुमार मेहतो, उपाध्यक्ष शुभनीत सरसोदे, सचिव बंटी धोटे, महेंद्र चौहान, मिथलेश चौहान, रोहित ढोलेकर, विधानसभा अध्यक्ष सतीश बौरासी, वीरू सोनारे, सुनील अग्रवाल आदि सदस्य उपस्थित थे।

## न्यायाधीशों एवं अधिवक्ताओं ने जेल और कॉलेज में किया पौधारोपण



**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के महाविद्यालय और उप जेल में मंगलवार को न्यायाधीश एवं वकीलों ने वृहद स्तर पर अभियान चलाकर पौधारोपण किया। इस अवसर पर जिला अपर न्यायाधीश शालिनी शर्मा, समस्त न्यायाधीश एवं अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सीएस चंदेल, अधिवक्ता प्रवीण माने, श्रावन गुजरे, संदीप भार्गव, जसवंत सिंह ठाकुर, दुर्गादास धोटे, कुणाल परिहार, प्रशांत भार्गव, प्रमोद कोसे, धनजी कालभोर, गुणवंत निंबालकर, कमलेश गांवडे आदि के साथ उपस्थित रही। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री चंदेल ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश अनुसार 15 जुलाई से 15 अगस्त के बीच 2000 पौधे का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किए जाने के बाद लगातार नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया जा रहा है। विगत दिनों नेशनल हाईवे और वन विभाग क्षेत्र में रोपण किया गया था। आगामी 5 अगस्त को भी बड़े स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। उन्होंने समस्त नगरवासियो और पर्यावरण प्रेमियों से अपील की है कि वे

## बड़ा हादसा टला, बिजली के खंभे से टकराया ट्रक

- **ढलान में खड़ा ट्रक अचानक ही शुरू होकर आगे बढ़ जाने से हुआ हादसा, चालक गया था चाय पीने**

**मुलताई, देशबन्धु।** नगर के भाजपा भवन के पास मंगलवार को खल्ली से भरा एक ट्रक बिजली के खंभे से जा टकराया। जिससे एक बड़ा धमाका हुआ, हालांकि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। पुलिस एवं बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंच गए।बताया जा रहा है कि खल्ली पांढुर्ना से बैतूल की ओर जा रही थी। ड्राइवर ने ट्रक को खड़ा किया था एवं ड्राइवर चाय पीने जा रहा था। इसी दौरान ट्रक अचानक ही ढलान होने से चालू हो गया और जाकर बिजली के खंभे से टकरा गया। लोगों ने बताया कि यदि स्कूल की छुट्टी का समय यह घटना होती तो बड़ा हादसा भी हो सकता था,क्योंकि इस रोड से सैकड़ों विद्यार्थी घर आना-जाना करते हैं। घटना के बाद गांधी चौक सहित 2-3 वार्डो में बिजली बंद कर दी गई है। ट्रक की टक्कर से बिजली का पोल हवा में झूल गया। बताया जा रहा है कि ट्रक पांढुर्ना निवासी अग्रवाल ट्रेडर्स का है। हादसे में किसी को कोई चोट नहीं आई है।



**अस्पताल के सामने दो बाइकों की टक्कर:** मंगलवार दोपहर अस्पताल के सामने ही दो बाइकों की टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शी शेख अबरारने बताया कि दोपहर में अस्पताल के सामने बस स्टैंड की ओर जा रहा एक बाइक सवार सामने चल रही बाइक से टकरा गया जिसके चलते वे दोनों सड़क पर गिर पड़े। गनीमत रही की दोनों बाइक सवारों की गति धीमी थी और सड़क पर ज्यादा ट्रैफिक नहीं था अन्यथा दोनों गंभीर रूप से घायल हो सकते थे।

## वोल्टेज की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

**मुलताई, देशबन्धु।** माथनी क्षेत्र के किसानों ने विद्युत सबस्टेशन निर्माण में हो रही देरी को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया को सौंप माथनी में नवीन सब स्टेशन का निर्माण किए जाने की मांग की। मांग पूरी ना होने पर चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी। मांग को लेकर सैकड़ों की संख्या में किसान मुलताई तहसील परिसर पहुंचे थे। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों का कहना है कि गांव में वोल्टेज की भारी परेशानी है। सब स्टेशन का काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। बार-बार इसको लेकर ज्ञापन भी सौंपा जा चुके हैं,लेकिन उनकी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।इसलिए अब ग्रामीणों ने विधानसभा चुनाव के सामूहिक बहिष्कार की घोषणा की है। एसडीएम तृप्ति पटेरिया को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम माथनी में ऋऋष्ठस योजना के अन्तर्गत 33/11 केबी के नये उपकेन्द्र निर्माण स्वीकृत हुये लगभग 8 महीने हो चुके है, लेकिन अभी तक माथनी में नवीन सबस्टेशन निर्माण कार्य नहीं हो पाया है।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को करवाया गृह प्रवेश

**भैंसदेही, देशबन्धु।** पुरोषत्तम मास को देखते हुए नगर परिषद् द्वारा मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को विधिविधान से गृह प्रवेश करवाया गया।

नगर के प्रथम नागरिक नगर परिषद् अध्यक्ष मनीष सोलंकी,पूर्व भाजपा जिलाउपाध्यक्ष प्रदीप सिंह किलेदार,पूर्व नगर परिषद् उपाध्यक्ष ऋषभदास सावरकर,भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवीसिंह ठाकुर,भाजपा विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष अधिवक्ता संजय तिवारी, भाजपा मण्डल महामंत्री दिलीप घोरे,भाजपा नेता रामदयाल राठौर,पार्षद कृष्णा केरू पिपरदे,सभापति आषुतोष राठौर,सभापति सुरजीतसिंह ठाकुर,मुख्य नगरपालिका अधिकारी एआर सांवरे, भाजपा युवा मौर्चा अध्यक्ष संतोष पाल,गंगाधर झरबड़े,सचिन बेलेकर, स्वदेश कडुकर,प्रकाश नखाते एवं वार्डवासी गणमान्य नागरिकों के आतिथ्य में हितग्राहियों को गृह प्रवेश करवाकर उनके आवास के लिए बधाई दी गई। गृह प्रवेश 4 हितग्राही परिवारों को किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद् के ललित उईके सहायक राजस्व निरीक्षक, अभिषेक पाटनकर, विक्की सिंह ठाकुर,किशोर धोटे मौजूद रहे।



## छात्राओं को नाट्य कला की दी जानकारी

**बैतूल, देशबन्धु।** शा.कन्या उ.मा. विद्यालय बैतूल गंज में जीवन कौशल उमंग के अन्तर्गत जिले के नाट्य कलाकार से मिलिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नाट्य कला के विभिन्न रूपों से परिचय करना था। इस अवसर पर नाट्य विद्या से जुड़े कलाकार नेताराम रावत को शाला में आमंत्रित किया गया। रावत द्वारा नाट्य के विभिन्न रूपों के बारे में छात्राओं को बताया।

उन्होंने कहा कि नाट्य कला ऐसी विधा हैं, जिसमें पात्र दर्शक के साथ सीधा संवाद करता है। इसमें कला का वह रूप है जिसमें दर्शकों के बीच एक कहानी का प्रस्तुतीकरण, संवादों एवं शारीरिक क्रियाओं के माध्यम से किया जाता है। नाटक के दौरान कहानी का सम्प्रेषण थियेटर के विभिन्न अवयवों, अभिनय, पहनावा, दृश्य, प्रकाश, संगीत, आवाज एवं संवाद के माध्यम से किया जाता है। नाटक में नवरसों में से आठ का ही परिपाक होता हैं। वीर या श्रृंगार रस में से कोई एक नाटक का प्रधान रस होता है, नाटक के तत्वों पर रावत ने बताया कि नाटक में विभिन्न प्रकार के तत्व होते है जिसमें भूमिका, चरित्र और रिश्ते, स्थिति, आवाज, आंदोलन, स्थान और समय, भाषा और पाठ, प्रतीक और रूपक, मनोदशा और वातावरण, दर्शक और नाटकीय तनाव मुख्य हैं। प्रभारी शिक्षक महेश गुंजेले ने बताया कि नाटक और कला रचनात्मक अभिव्यक्ति सक्षम करता है, शिक्षा में कला और नाटक के माध्यम से छात्रायें दुनिया के बारे में नए तरीके से सीख सकती है। प्रत्येक मंगलवार विद्यालय में जीवन कौशल के अन्तर्गत उमंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाता हैं। छात्राओं को जीवन जीने की कला के बारे में बताया जाता है।

## जयकारों के साथ शिव भक्तों ने निकाली कावड़ यात्रा, शिवालय में किया जलाभिषेक



**बैतूल, देशबन्धु।** शहर में शिव शंभू भोले सेवा उत्सव समिति ने लगातार तीसरे वर्ष कावड़ यात्रा का आयोजन किया। कावड़ यात्रा के लिए समिति के शिव भक्तों ने ताप्ती से जल लाया कावड सजाई। प्रात: थाना महाकाल चौक कोठी बाजार स्थित शिवालय में शिवलिंग का अभिषेक किया गया। कावड़ की पूजा महादेव की पूजा अर्चना आरती के बाद यात्रा निकाली गई। जगह जगह शिव भक्तों का स्वागत भी किया गया। कावड़िए नंगे पांव कांधे मे कांवड़ रखकर जटाशंकर स्थित शिव धाम पहुंचे। ध्वज व गाजे बाजे के साथ बोलबम के जयकारों के साथ कावड़िए एक कतार से चल रहे थे। स्वागत में गांव-गांव में फूलों की वर्षा की गई। जटाशंकर स्थित शिवालय में सभी ने अभिषेक किया। कावड़ यात्रा में शामिल होने के लिए सुबह से ही युवा थाना महाकाल चौक स्थित शिवालय में पहुंच गए थे। कावड़ यात्रा को लेकर इनका उत्साह देखते ही बन रहा था। हर-हर बम-बम के जयकारों के साथ थाना महाकाल चौक से कावड़ यात्रा भगत चौक, मेघनाथ चौक, अखाड़ा चौक, लल्ली चौक, गणेश चौक, कालेज चौक, हमलापुर होते हुए जटाशंकर पहुंची। यात्रा में डीजे की धुन के साथ कावड़िया जमकर थिरके, जटाशंकर में महा अभिषेक के बाद कावड़ियों के लिए दाल बाफले भोजन की व्यवस्था की गई। शिव शंभू भोले सेवा समिति थाना महाकाल चौक कोठी बाजार के संरक्षक अक्षय तातेड ने बताया कि श्रावण मास में हिंदू धर्म की पवित्र परंपरा हर साल श्रावण मास में लाखों की तादाद में कावड़िए शिव मंदिरों में शिव का अभिषेक करते हैं। बैतूल में भी उन्होंने समिति के माध्यम से 3 सालों से कावड़ यात्रा की परंपरा की शुरुआत की है, जिसमें प्रतिवर्ष कावड़ यात्रियों की लगातार संख्या बढ़ रही है।

### चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ

# 6 माह तक शिशु को पिलाएं सिर्फ मां का दूध: डॉ. शुक्ला

**मुलताई, देशबन्धु।** 1 अगस्त से विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का नगर में सरकारी चिकित्सालय शुभारंभ किया गया। जिसमें बीएमओ डॉ अभिनव शुक्ला ने बताया कि मॉ का दूध शिशु के लिये सर्वोपरी है, 6 माह तक सिर्फ शिशु को मां का दूध ही पिलाये अन्य ऊपरी जैसे गाय, भैंस का दूध, जन्म घुटी, शहद आदि न दिया जाये। उन्होंने बताया कि इस वर्ष की थीम कामकाजी माताओं के लिये स्तनपान को बढ़ावा देना है। डॉ. शुक्ला ने कहा कि स्तनपान कराने से मां और शिशु दोनों स्वस्थ रहते हैं। स्तनपान कराने के पश्चात् शिशु को कंधेपर लेकर थप्पी दिलाकर डकार दिलवायें और सावधानी पूर्वक अपने शरीर से लगाकर लिटायें क्योंकि कई बार सावधानी न बरतने पर दूध शिशु की श्वास नली में चले जाने पर शिशु की मृत्यु हो जाती है। मौसम के अनुसार शिशु को गर्म कपड़े पहनाएं ताकि शरीर का तापमान बना रहे। समय-समय पर निर्धारित उम्र अनुसार शिशु का टीकाकरण करवायें ताकि 11 बीमारियों से बचाया जा सकता है। इस अवसर पर बी.ई.ई. चंद्रकला डोंगरे ने कहा कि स्तनपान कराते समय मां को स्वच्छता का ध्यान रखना चाहिये। प्रथम दिवस स्तनों से निकलने वाले दूध को कोलास्ट्रम कहा जाता है, जो शिशु के लिये अति महत्वपूर्ण है, इसमें पोषक तत्व प्रचुर मात्रा में पाये जाते हैं, यह शिशु को विभिन्न प्रकार की होने वाले संकामक बीमारियों से बचाता है एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। डिब्बे के दूध का उपयोग न करने की सलाह दी, मां का दूध सर्वोपरी एवं प्राकृतिक है। 6 माह तक मॉ का दूध ही शिशु के लिये सर्वोतम आहार है,अगर ऊपरी आहार नही देना है, प्रसव पश्चात् मां को सस्ता, सुलभ, पौष्टिक भोजन जिसमें हरी सब्जियां, दाल, अंकुरित आहार, दूध, अंडा, उपलब्ध मौसमी फल को शामिल किया जाना चाहिये। उन्होंने भोज्य पदार्थो से संबंधित भ्रांतियों का निवारण किया। सतत् स्तनपान करवाने से मॉ को स्तन कैंसर होने की संभावनाऐं कम होती है। शिशु के जन्म के तुरंत बाद बच्चे को आंचल से लगाकर स्तनपान करायें। शिशु मालिस नहीं करें न ही शिशु की नाल को न हटायें वह स्वत: ही अपने आप टूट कर अलग हो जाती है। इस अवसर पर एवं धात्री महिलाओं सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।



### सीएमएचओ, सिविल सर्जन ने दी कई जानकारियां

**बैतूल, देशबन्धु।** जिला चिकित्सालय के प्रसूति वार्ड ट्रामा सेंटर में विश्व स्तनपान सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह सप्ताह आगामी 7 अगस्त का आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष की थीम कामकाजी माताओं के लिये स्तनपान को बढ़ावा देना है। सीएमएचओ डॉ.सुरेश बौद्ध, सिविल सर्जन डॉ. अशोक बारंगा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. जगदीश घोरे ने बताया कि प्रत्येक मां अपने शिशु को पर्याप्त मात्रा में स्तनपान करवायें, 6 माह तक मां का दूध ही शिशु

## सार समाचार

### महिला और मायके वालों में मारपीट, मामला पुलिस तक पहुंचा

**इटारसी, देशबन्धु।** पुरानी इटारसी के हाउसिंग बोर्ड कालोनी में एक महिला और उसके के मायके वालों के बीच मारपीट हो गयी और मामला पुलिस के पास पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एकदूसरे पर गाली-गलौच, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की शिकायत कर प्रकरण पंजीबद्ध कराया है।

पुलिस के अनुसार महिला का पति विगत पांच वर्ष से अलग रह रहा है। महिला ने किसी दूसरे को घर ले आयी तो मायके वालों को यह बात नागवार गुजरी और विरोध होने लगा। इसके बाद विवाद इतना बढ़ा की नौबत मारपीट पर आ गयी। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंच गया। पुलिस ने सारिका पति अमित चौहान की शिकायत पर रितु रैकवार, रिंकू रैकवार के खिलाफ तथा दुर्गा उर्फ रितु पति मुकेश रैकवार की शिकायत पर सारिका रैकवार, अमित सिंह चौहान के खिलाफ शादी की बात को लेकर गाली गलौच कर मारपीट की शिकायत दर्ज करायी है।

### नीता कोरी इटारसी, बृजेन्द्र रावत सोहागपुर एसडीएम होंगे



**इटारसी, देशबन्धु।** जिले में प्रशासनिक कार्य सुविधा के दृष्टिकोण से इटारसी और सोहागपुर में एसडीएम की पदस्थापना की गई है। इटारसी में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती नीता कोरी को और सोहागपुर में डिप्टी कलेक्टर बृजेन्द्र कुमार रावत को एसडीएम बनाया है। उल्लेखनीय है कि इटारसी एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी का तबादला मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग ने जिला सीहोर किया है और उनको भैरुंदा का एसडीएम बनाया है। इसी प्रकार सोहागपुर एसडीएम अखिल राठौर का तबादला जिला शाजापुर होने से दोनों जगह एसडीएम का पद रिक्त था। अब दोनों जगह एसडीएम की नियुक्ति हो गयी है।

### इटारसी-प्रयागराज ट्रेन की इटारसी-नैनी-इटारसी के मध्य चलने की अवधि बढ़ी

**इटारसी, देशबन्धु।** उत्तर मध्य रेल प्रशासन द्वारा प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर वॉशेबल एप्रॉन की मरम्मत के कार्य की अवधि बढ़ाये जाने के कारण गाड़ी संख्या 11273/11274 इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस के इटारसी-नैनी-इटारसी के मध्य चलने की अवधि बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। अब गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस 09 अगस्त 2023 तक इटारसी स्टेशन से निर्धारित समय 17.20 बजे गंतव्य के लिए प्रस्थान कर, नैनी स्टेशन पर 09.55 बजे समाप्त होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस दिनांक 10 अगस्त 2023 तक नैनी स्टेशन से 21.00 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी।

### उपभोक्ता आयोग का आदेश बघवाड़ा के किसान को मिलेगी फसल बीमा राशि

नर्मदापुरम, देशबन्धु। केन्द्र सरकार का पोर्टल खरीफ 2020 में फसल बीमा से वंचित किसानों के लिए दोबारा खोलने के बावजूद बैंक द्वारा किसान से संबंधित जानकारी पोर्टल पर दर्ज नहीं की गई, जिससे किसान फसल बीमा राशि से वंचित हो गया थे। उपभोक्ता आयोग के आदेश के बाद ग्राम बघवाड़ा, तह डोलरिया के किसान बृजमोहन आ सुन्दरलाल रघुवंशी को फसल बीमा राशि के 62720 रू आईसीआईसीआई बैंक शाखा सावलखेड़ा द्वारा दिये जाऐंगे। यह आदेश उपभोक्ता आयोग नर्मदापुरम के अध्यक्ष न्यायाधीश विजयकुमार पांडे व सदस्य सरिता द्विवेदी व सतीश कुमार शर्मा द्वारा दिया गया है। एडवोकेट दिनेश यादव ने बताया कि इस प्रकरण में आयोग ने कहा है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की मार्गदर्शिका की कंडिका 35.5.9 में वित्तीय संस्थायें, बैंक के दायित्व के संबंध में प्रावधान किया है कि संबंधित बैंक या उसकी शाखायें निध रित समय के भीतर प्रीमियम के प्रेषण विवरण के साथ एनसीआईपी पर बीमित किसान के विवरण के डिजिटलीकरण को सुनिश्चित करना चाहिये। इस प्रकरण में बैंक द्वारा किसान की बीमा प्रीमियम राशि काटकर बीमा कंपनी को भेजी थी, मगर पोर्टल पर जानकारी दर्ज नहीं की गई।

# जनसुनवाई : 110 आवेदनों पर हुई सुनवाई, जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश



नर्मदापुरम, देशबन्धु। मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत एवं अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों के साथ जनसामान्य की समस्याओं पर गंभीरता से सुनवाई कर उनका निराकरण किया। जनसुनवाई में आए 110 आवेदनों पर सुनवाई की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही पिछली जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण की स्थिति की जानकारी भी ली। जनसुनवाई में संयुक्त कलेक्टर फरहीन खान, सिटी मजिस्ट्रेट संपदा सराफ, एसडीएम आशीष पांडे, सीएमओ नवनीत पांडे सहित अन्य सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

### नल जल योजना में लापरवाही और नियम विरूद्ध हो रहा है काम=

रूपेश कुमार मेहरा निवासी मैं ग्राम दरींगा ने आवेदन में बताया कि मेरे ग्राम में लोक स्वास्य यांत्रिकी विभाग द्वारा नल जल योजना का कार्य कराया जा रहा है जिसमें अनियमितताएं बरती जा रही हैं। इसमें सड़कों को हेमर वायवेटर से तोड़ा जा रहा है, कार्य में विलंब किया जा रहा है, कार्य की जानकारी नहीं दी जा रही है तथा टेस्टिंग भी नहीं की जा रही है। आवेदक ने आवेदन में बताया कि इन सभी कारणों से गांव में नल जल योजना का कार्य बाधित हो रहा है। टूटी हुई सड़कों को पुन: न बनाने से गांव में अत्यधिक कीचड़ हो रही है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किये गये कार्य की वजह से गांव में जगह-जगह पानी से भरे गड्ढे दिखाई दे रहे हैं। जिनमें मच्छर पनप रहे हैं। विगत एक माह पहले इसकी शिकायत जनसुनवाई सोहागपुर में की गई थी परंतु अब तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है।जिससे स्वास्थ्य व्यवस्थाएं एवं अन्य योजनाएं बाधित हो रहीं हैं। आवेदक ने बताया कि पीएचई विभाग द्वारा गांव की टूटी हुई सड़कों पर रिस्टोरेशन का कार्य कुछ एक सड़क पर कराया गया है एवं बाकी का कार्य जस का तस बना हुआ है। सीएम हेल्पलाईन 181 पर शिकायत करने पर निराकरण के तौर पर कार्य प्रोसेस में बताया जा रहा है परंतु विगत 15 दिवस से गांव में बारिश भी कम हो रही है जिससे गांव की सड़कें सूखी हुई हैं परंतु फिर भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बारिश के पानी को वजह बताकर कार्य को लंबित किया जा रहा है।

### जनसुनवाई में शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान=

आवेदिका ने बताया कि उनके परिवर्तित प्लाट डबल फाटक के पारा रसूलिया पर अवैध कब्जा व मकान निर्माण कार्य करने की शिकायत जनसुनवाई मे कलेक्टर से की गई थी। इसके बाद मामले में नगरपालिका परिषद नर्मदापुरम ने निर्माण कार्य करने वालों को मकान निर्माण रोकने के निर्देष दिये थे, किंतु आदेश की अवहेलना करते हुए आवेदिका के प्लाट पर जबरन मकान निर्माण कार्य अभी भी किया जा रहा है। शिकायत के बाद भी नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारियो द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

### बारिश से तबाह हुआ घर=

आवेदिका गायत्री बाई कहार पत्नी सुरेश कहार निवासी मकान नं 41 शास्त्री वार्ड 01 गुरू प्रसाद स्कूल नर्मदापुरम ने आवेदन में बताया कि मेरा घर बारिश के कारण पुर्णत: क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके कारण हमें रोड पर रहने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रहने के लिए घर न होने के कारण मुझे बहुत अधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है मेरे बच्चों का पालन पोषण करने वाला मेरे अलावा कोई नहीं है मैं इतनी सक्षम नहीं हूं कि मैं अपना मकान स्वयं के खर्चे पर बनवा सकूं। उन्होंने सहायता राशि प्रदान करने की मांग की है।

मुख्यमंत्री 3 सौ करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से किए जारी, इटारसी में सुना गया लाइव प्रसारण

# 173 हितग्राहियों के खाते में डाले पैसे, 2 का कराया गृह



**इटारसी, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा सिंगल क्लिक से आज 300 करोड़ रुपए हितग्राहियों के खाते में डाले गए। सिर्फ इटारसी में ही 178 हितग्राहियों के खाते में दूसरी और तीसरी किस्त डाली गई। वहीं दो हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। इसी तरह नगरपालिका के सभागार में मुख्यमंत्री श्री चौहान के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा गया।

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि इटारसी में वार्ड 12 और 02 में हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर हमारे साथ सीएमओ हेमेश्वरी पटले, एई मीनाक्षी चौधरी, उपयंत्री सोनिका अग्रवाल, पार्षद सभापति मंजीत कलोसिया, पार्षद जिम्मी कैथवास, संजय ठाकुर, कुंदन गौर, शुभम गौर, पार्षद प्रतिनिधि आशुतोष अग्रवाल, कार्यालय अधीक्षक संजय सोहनी सहित अन्य मौजूद थे।

### पहली किश्त के बाद मकान नहीं बनाया तो बना लें

नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने यहां कार्यक्रम में कहा कि जिन भी नागरिकों ने पहली किस्त लेने के बाद मकान नहीं बनाए हैं, वह मकान बनाने का काम शुरू करें। उन्होंने हितग्राहियों के साथ संवाद भी किया।

# बाल हितेषी न्यायालय भवन का ई लोकार्पण



### सोहागपुर में बना जिले का एक मात्र बाल हितेषी न्यायालय

**सोहागपुर, देशबन्धु।** सोहागपुर में बाल हितेषी नवनिर्मित न्यायालय भवन का लोकार्पण उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठा द्वारा वर्चुअल रूप से किया गया इस मौके पर जबलपुर में न्यायमूर्ति अमरनाथ केसरवानी पोर्टफोलियो न्यायधीश उच्च न्यायालय की गरिमामय उपस्थिति रही सुहागपुर भवन का लोकार्पण प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा द्वारा फीता काटकर किया गया और भवन को बाल हितेषी कार्य के लिए स्थानीय न्यायाधीशों को सौंपा गया इस मौके पर सोहागपुर न्यायालय के एडीजे संतोष सैनी व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 1 कुमारी मधुलिका मुले व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 अंशुल चंद्रा अतिथि के रूप में उपस्थित थे बार काउंसिल के अध्यक्ष अधिवक्ता शेरखान ने प्रधान जिला नदी महोदय से अन्य न्यायालय को जोड़कर कार्य बढ़ाने का अनुरोध भी किया बाल हितेषी न्यायालय बहुत ही शानदार बनाया गया है यहां बच्चों से संबंधित अपराध जिसमें पास्को एक्ट सहित अन्य मामले आते हैं उनकी सुनवाई करते हुए बच्चों के न्याय के लिए कार्य किए जाएंगे बाल हितेषी न्यायालय से बच्चों पर होने वाले अत्याचारों की सुनवाई शीघ्रता से होने लगेगी और उन्हें न्याय जल्द मिलेगा लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान माधव सिंह चौधरी अधिवक्ता संघ संरक्षक एवं पूर्व अध्यक्ष गण सीएम गुप्ता मंगल सिंह रघुवंशी प्रदीप तिवारी बीके शर्मा शेरखान अध्यक्ष अधिवक्ता संघ राजेंद्र तिवारी जयप्रकाश महेश्वरी जेपी साहू अभिलाष सिंह चंदेल अधिवक्ता पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल सराठे पोप सिंह रघुवंशी रति राम पटेल शंकरलाल मालवीय ए जी पी सतीश नामदेव कोषाध्यक्ष देवी प्रसाद दुबे उपाध्यक्ष महेश पचौरी रामेश्वर कहार ग्रंथलय प्रभारी अख्तर खान संजय तिवारी प्रांजल तिवारी सत्येंद्र यादव छतर सिंह पटेल राकेश पटेल चंद्रभान सिंह राजपूत नितिन वर्मा फूलचंद साहू महेश सराठे आशीष गुप्ता प्रतीक तिवारी राजेंद्र मेहरा श्याम रघुवंशी संदीप रघुवंशी गनमीत धुर्वे पायल कोरी बलराम पटेल मदन पाल रामचंद्र यादव देवांशु शर्मा तारीख कुरैशी राहुल कुमरे जय भानु सिंह चंदेल इरफान अली अधिवक्ता गण मौके पर मौजूद रहे मंच का संचालन जयप्रकाश महेश्वरी ने किया आभार प्रदर्शन सचिव संजय तिवारी ने किया और स्वागत भाषण अधिवक्ता शेरखान अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने किया।

बाल हितेषी न्यायालय से यह होगा लाभ- बाल हितेषी न्यायालय से बच्चों के हित में काम किए जाएंगे बच्चों के साथ जो अपराध होते हैं जैसे पास्को एक्ट संबंधी अपराधों की सुनवाई होगी बाल न्यायालय और बाल हितेषी न्यायालय अलग-अलग होता है बच्चों को त्वरित न्याय मिलेगा अधिवक्ताओं सुनवाई के लिए फरियादी और विपक्ष के मुकदमे लड़ेंगे उन्हें काम मिलेगा वर्तमान में एडीजे कार्यभार देखेंगे हाई कोर्ट बाद में एक जज की नियुक्ति करेगा हाईकोर्ट के आदेश पर कोर्ट प्रारंभ होगी फरियादी के लिए सभी सुविधाएं इस भवन में प्रदान की गई हैं विकलांगों के लिए भी विशेष व्यवस्था है जिले के सभी अधिवक्ता यहां पर सुनवाई के लिए आएंगे जिससे नगर का विकास भी होगा अधिवक्ताओं के बैठने के लिए भी विशेष व्यवस्था रखी गई है।

### इनका कहना है

*बाल हितेषी न्यायालय से पास्को संबंधित सभी अपराधों के मामले यहां सुने जाएंगे कोर्ट प्रारंभ होते ही अधिवक्ताओं को काम भी बढ़ेगा जल्दी न्याय भी प्राप्त होगा जिले में यह पहला न्यायालय है*

***शेरखान अधिवक्ता संघ अध्यक्ष सोहागपुर***

# सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड के आरोपियों को आजीवन कारावास

**इटारसी, देशबन्धु।** द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश इटारसी ललित कुमार झा ने चिन्हित एवं सनसनीखेज प्रकरण में दोहरी हत्या करने के अपराध में दोषी पाते हुये आरोपियों करनसिंह पिता बुद्धसिंह लविस्कर, भैयालाल पिता खुशीलाल लविस्कर, पूनमसिंह पिता अमर लाल लविस्कर, को पन्नालाल की हत्या करने के अपराध में धारा 302/34 भादवि में प्रत्येक को आजीवन कारावास एवं 500-500 रूपए अर्थदण्ड से दंडित किया तथा मृतिका कस्तूरी बाई पति पन्नालाल कलमे की हत्या के अपराध के लिए भी धारा 302/34 भादवि में प्रत्येक को आजीवन कारावास एवं 500-500 रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया।

जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि घटना 24 सितंबर 2021 को थाने पर सूचना पर प्राप्त हुई कि ग्राम पिपरियाखुर्द में दो व्यक्तियों की हत्या हुई है। पुलिस ग्राम पिपरियाखुर्द में मृतक के घर पहुंची। मृतक के लड़के रायसिंह कलमें जानकारी दी गई कि 23 सितंबर 2021 को वह और उसकी पत्नी तथा बच्चे 3 बजे ग्राम पिपरियाखुर्द से ग्राम हांडीपानी मेहमानी में गया था। 24 सितंबर 2021 को शाम 4 बजे वह वापस पिपरियाखुर्द आया तब उसने देखा कि उसके पिता पन्नालाल कलमे आयु-60 वर्ष घर के सामने आंगन में मृत पड़े थे, उनकी गर्दन पर गहरी धारदार हथियार की चोट दिख रही थी, खून निकला हुआ था। उसकी मां कस्तूरी बाई भी मृत अवस्था में नये मकान के बाजू में पड़ी थी। उसकी गर्दन पर भी धारदार हथियार से चोट के निशान थे।

रातभर मृतकों के शव पिपरियाखुर्द में ही रहे, अगले दिन सुबह फरियादी के समक्ष पुलिस ने घटना स्थल का नजरी नक्शा बनाया। मृतकों के शव का मौके पर ही परीक्षण कर नक्शा पंचायतनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए डीएसपीएम अस्पताल इटारसी भेजा। अपराध कायमी के उपरांत तत्कालीन थाना प्रभारी एवं परिवीक्षाधीन डीएसपी विमलेश उइके ने अनुसंधान के दौरान मृतकों के परिजनों के कथन दर्ज किये जिसमें उन्होंने आरोपियों पर हत्या का अपराध करने का शक जाहिर किया था। गांव के ही वीरसिंह ने पुलिस को बताया कि 23 सितंबर 2021 की रात को उसने आरोपियों को यह कहते हुये सुना था कि आज रात में मृतकों को गांव से बाहर कर देते हैं। आरोपियों को 27 सितंबर 2021 को अभिरक्षा में लेकर साक्षी शेरसिंह और लालजी कलमे के समक्ष थाना परिसर केसला में पूछताछ की गई।

आरोपियों ने हत्या में प्रयुक्त हथियार ग्राम पिपरियाखुर्द की नदी के किनारे झाड़ियों में छुपाकर रखना बताया। साक्षियों के समक्ष आरोपियों के पेश करने पर घटना के प्रयुक्त हथियारों तथा घटना के समय अभियुक्तों द्वारा पहने कपड़े भी जब्त किये। विवेचना उपरांत आरोपियों के विरूद्ध धारा 302, 147, 148 भादवि के अंतर्गत अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। आरोपी करणसिंह, भैयालाल और पूनमसिंह को न्यायालय ने दोषी पाते हुये दंडित किया। शेष आरोपी आनंद लविस्कर, बलवंत को दोषमुक्त किया। शासन की ओर से पैरवी हरिशंकर यादव अतिरिक्त जिला अभियोजन अधिकारी, इटारसी ने की।

# डॉ. राजेश शर्मा की स्वीकारोक्ति, हां मैं टिकट की दौड़ में हूं

- राजनीति को सेवा का माध्यम बनाना चाहते हैं
- चिकित्सा के क्षेत्र में नवाचार करने उठाए कदम

**इटारसी, देशबन्धु।** हां, मैं नर्मदापुरम विधानसभा से चुनाव में टिकट की दौड़ में हूं। लेकिन, आलाकमान का जो आदेश होगा, वही किया जाएगा। टिकट मिली तो चुनाव लड़ने की इच्छा है, इससे इनकार नहीं। नहीं तो वैसे भी सेवा करना है, उससे पीछे नहीं हटूंगा। मुझे कहीं से भी चुनाव लड़ने का कोई इशारा नहीं है, लेकिन सेवा के लिए राजनीति को माध्यम बनाने की इच्छा है।

यह स्वीकारोक्ति नर्मदा अपना अस्पताल के संचालक और वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. राजेश शर्मा ने यहां आयोजित एक पत्रकार वार्ता में की। उन्होंने कहा कि वे टिकट की दौड़ में हैं। मगर ये पार्टी आलाकमान पर निर्भर है, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के लिए काम करना ही है।

### समाज से लिया है, अब लौटाने का वक्त

डॉ. शर्मा ने कहा कि हम लगातार काम करते हैं, समाज से काफी कुछ लेते हैं, लेकिन जीवन में एक ऐसा पड़ाव आता है, जहां समाज को कुछ लौटाने का वक्त होता है। वे इसी पड़ाव पर हैं। ईश्वर ने 61 वर्ष की उम्र तक काफी दिया है। अब वे समाज को लौटाना चाहते हैं। अभी तक वे स्वास्थ्य के क्षेत्र में सेवा करते रहे हैं। राजनीति का क्षेत्र बड़ा होता है जहां से आप और बेहतर तरीके से और व्यापक पैमाने पर जनता की सेवा कर सकते हैं। उनका क्षेत्र भी नर्मदापुरम है और बहुत पहले से वे इस क्षेत्र से जुड़े हुए हैं इसलिए उनका मन तो नर्मदापुरम विस से लड़ने का है, मगर ये पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को तय करना है। हमने पिछले चुनाव में उम्मीदवारी की थी मगर निर्णय पार्टी को लेना रहता है। पार्टी जो निर्णय लेगी हम उसका पालन करेंगे।



### अगली पीढ़ी को अनुभव देने का समय

डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि जीवन में मिली सफलता के अनुभव अगली पीढ़ी को देने का वक्त है, उनका काम इसी दिशा में चल रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में वे नवाचार कर रहे हैं। नर्मदापुरम में काम करने के भाव हैं और नये बच्चों के साथ नर्मदा अपना स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से सेवा का एक रोडमैप तैयार किया है। इसमें बच्चों को आकस्मिक चिकित्सा से कैसे निबटें, इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। ये वालिंटियर ग्राम पंचायत और वार्डों में रहेंगे। ऐसे पांच सौ बच्चों को तैयार करने का लक्ष्य है।

### क्या करने की है योजना

पंचायत और वार्ड स्तर पर तैयार बच्चे आकस्मिक चिकित्सा के वक्त काम करेंगे। जैसे किसी को हृदयाघात होने पर तत्काल क्या किया जाए, दुर्घटना होने पर क्या किया जाए और इलाज मिलने के पूर्व क्या प्राथमिक उपचार मिले, कैसे जीवन को बचाएं, इस पर काम करेंगे। सड़क दुर्घटना के वक्त किसी को पता नहीं होता कि घायल को कैसे उठाएं, क्या उपचार दें ताकि वह अस्पताल तक पहुंच सके। सड़क किनारे ढाबों पर रहने वालों को प्रशिक्षण कर लोगों की जान बचायी जा सकती है। इसके अलावा पर्यावरण सुधार और बच्चों के लिए व्यक्तित्व निखार के कार्यक्रम किये जाएंगे।

### जिले में बहुत काम हो सकता है

उन्होंने कहा कि नर्मदापुरम जिले में अभी और काम करने की संभावना है। यहां स्वास्थ्य, रोजगार, शिक्षा के क्षेत्र में और बेहतर काम किया जा सकता है। यहां अच्छे शैक्षणिक संस्थान, छोटे मेडिकल कॉलेज, आईआईएम जैसे संस्थान लाए जा सकते हैं। युवाओं के रोजगार के लिए काम हो सकते हैं। कुल मिलाकर नर्मदापुरम जिले में अभी काम की बहुत संभावनाएं नजर आती हैं।

इटारसी में लगे निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में बोले वरिष्ठ डॉ राजेश शर्मा

# इटारसी-नर्मदापुरम की सेवा का सौभाग्य मिला, सेवा ही संस्कार बन गया



**इटारसी, देशबन्धु।** सेवा ही संस्कार शब्दों से नहीं भाव से आता है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ राजेश शर्मा पिछले 3 दशकों से अधिक समय से चिकित्सा के माध्यम से इटारसी-नर्मदापुरम की जनता की सेवा में रत हैं। डॉ राजेश शर्मा के नेतृत्व में नर्मदा जीवनदायिनी ने चिकित्सा आपके द्वार विचार को केंद्र में रखकर एक विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन इटारसी के जय स्तंभ चौक पर किया।

शिविर में इटारसी व आसपास के क्षेत्र से आये लोगों को निशुल्क परामर्श उपलब्ध कराया। शिविर में शुगर, बीपी, माइग्रेन, हृदय के अनेक रोगों, हड्डी के विभिन्न रोगों के 312 मरीजों ने निशुल्क परामर्श प्राप्त किया। इस फ्री कैम्प में आधुनिक जीवनशैली जन्य रोगों की रोकथाम किस प्रकार की जा सकती है, विषय पर डॉ राजेश शर्मा ने आये मरीजों से चर्चा की। डॉ. शर्मा ने कहा कि लोगों की जागरूकता के कारण अब वायरस व बैक्टेरिया से होने वाले रोग जैसे हैजा, टीबी, कॉलरा, चिकन पॉक्स, जैसी बीमारियों में काफी कमी आई है। किंतु अब वे बीमारियां आमजन को घेरने लगी हैं जो पहले समय में विद्यमान ही नहीं थी। अब नकारात्मक मानसिकता, अस्त व्यस्त जीवनशैली, शारीरिक श्रम का अभाव और पोषण विहीन भोजन के कारण ही राजरोग जैसे बीपी, शुगर, हृदय की बीमारियां होने लगी हैं।

डॉ शर्मा ने कहा कि अभी भी समय है कि हम जाग जाएं। अपने रोजमर्रा के जीवन मे यदि छोटे-छोटे परिवर्तन करें तो इन सारी बीमारियों से बचा जा सकता है। योग, ध्यान प्राणायाम को दिनचर्या में शामिल करें। कलयुग के विष नमक और शक्कर को कम से कम उपयोग में लाएं। अधिक से अधिक प्रकृति के नजदीक रहें। कच्ची हरी पत्तेदार सब्जियों और फलों को अपने भोजन का हिस्सा बनाये। और सबसे बढ़कर अपने नजरिये को सकारात्मक रखें। डॉ राजेश शर्मा को अपने बीच पाकर आमजन बहुत प्रसन्न थे। ज्ञात हो कि डॉ राजेश शर्मा निरंतर नर्मदापुरम इटारसी क्षेत्र में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा रहे हैं। कैम्प में आये पीड़ितों ने डॉ राजेश शर्मा का आभार माना।



# सिंचाई क्षमता

2003 **7 लाख** हे.

2023 **47 लाख** हे.

2025 में होगी **65 लाख** हे.

# किसान सम्मेलन

2 अगस्त 2023 | दोपहर 3:00 बजे | जिला मंदसौर

**₹ 5477 करोड़**
की सिंचाई परियोजनाएं

**1.35 लाख हेक्टेयर**
भूमि होगी सिंचित

**मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान**
द्वारा

### आगर-मालवा

**लोकार्पण**

कुण्डालिया दाब युक्त सिंचाई परियोजना चरण-1

4 तालाब/बैराज

### मंदसौर

**लोकार्पण**

गरोठ सिंचाई परियोजना

3 तालाब/बैराज

**भूमिपूजन**

मल्हारगढ़ दाब युक्त परियोजना

## विकास पर्व

16 जुलाई से 14 अगस्त, 2023



सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11075/23

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।